संक्षेप

## सर्पदंश से मासूम की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। पिता के साथ चारपाई पर सो रहे मासूम को सर्प ने डस लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पतुलकी गांव निवासी जितेन्द्र सरोज का छः वर्षीय पुत्र रौनक सरोज मंगलवार को अपने पिता के साथ रात में चारपाई पर सो रहा था। रात करीब डेढ़ बजे अचानक बेटे की चीख सुनकर जितेन्द्र व उसकी पत्नी रूपा नींद से जग गयी। टार्च की रोशनी से चारपाई के बगल सांप बैठा देख पति पत्नी आवाक रह गये। बेटे की बिगडती हालत देख उसे आननफानन में लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन मासूम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह करीब चार बजे मासूम रौनक की मौत हो गयी। मृतक माता पिता की इकलौती संतान थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है।

## भुर्जी समाज को पॉपकॉर्न मशीन, दोना बनाने वालों को मिलेगा टूल किट

**श्रावस्ती।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के तहत कारीगरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष टूल किट्स वितरण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पॉपकॉर्न निर्माण में संलग्न भुर्जी समाज के 10 कारीगरों को पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन तथा परंपरागत रूप से दोना-पत्तल बनाने में लगे या रुचि रखने वाले 10 कारीगरों को दोना मेकिंग मशीन दी जाएगी। अभ्यर्थियों का चयन देवीपाटन मंडल गोण्डा के क्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी की अध्यक्षता में गठित त्रि-सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा।

## दुर्घटना में किशोरी घायल, रेफर

प्रतापगढ़। बाबा धाम से दर्शन करने जा रही किशोरी को बुधवार की सुबह डाला वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में किशोरी गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। प्रारंभिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर से घायल को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। लीलापुर थाने के पतुलकी निवासी प्राची गुप्ता 17 पुत्री आदेश कुमार अपने चाचा बृजेश व चाची कुसुम के साथ बाइक से बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने जा रही थी। लालगंज कोतवाली के नहर मार्ग पर सरस्वती विद्या मंदिर पुल के समीप सामने से आ रहे एक डाला वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। दुर्घटना में प्राची के दाहिने पैर में गंभीर चोट आ गयी। सूचना पर एम्बुलेंस सेवा एक सौ आठ पहुंची। घायल को लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारंभिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## किशोरी के अपहरण को लेकर दो पर केस

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे पड़ोस के अजय वर्मा पुत्र शिव बहादुर वर्मा उर्फ मुन्ना उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसकी पुत्री का अपहरण को लेकर गांव के हरसू विश्वकर्मा पुत्र सुनील विश्वकर्मा ने सहयोग दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

प्रतापगढ़। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे सेवकराम का पुरवा रामगंज गांव निवासी रंजीत कुमार तिवारी की पत्नी गीता देवी 36 बुधवार दोपहर करीब तीन बजे घर में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आ गयी। जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले आये। यहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका के दो बेटे शुभम व शौर्य हैं। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बांके बिहारी मंदिर मामले में सुनवाई टली

प्रयागराज। मथुरा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर का नियंत्रण और निगरानी के लिए अध्यादेश लाकर ट्रस्ट का गठन करने के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को सुनवाई टाल दी और अगली तिथि छह अगस्त निर्धारित की। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल के समक्ष बुधवार को जब यह मामला सुनवाई के लिए आया तो राज्य सरकार के वकील ने अदालत को सूचित किया कि अध्यादेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और इस पर सुनवाई लंबित है। इस पर अदालत ने सुनवाई टाल दी। अदालत प्रणव गोस्वामी और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। भले ही इस मामले में सुनवाई टाल दी गई हो, लेकिन अदालत ने सरकारी अधिवक्ता से कहा कि जहां तक प्रस्तावित ट्रस्ट में नौकरशाहों को शामिल करने का संबंध है, इस अध्यादेश को संशोधित कराना उचित होगा। अदालत का विचार था कि अध्यादेश के जरिए सरकार उस मंदिर पर नियंत्रण स्थापित करना चाहती है जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती और यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। इससे पूर्व 21 जुलाई को अदालत द्वारा नियुक्त न्याय मित्र संजीव गोस्वामी ने कहा था कि यह मंदिर एक निजी मंदिर है और यहां ब्रह्मलीन स्वामी हरि दास जी महाराज के वंशजों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है। यह अध्यादेश जारी कर सरकार पिछले दरवाजे से मंदिर पर नियंत्रण का प्रयास कर रही है। न्याय मित्र ने अदालत को अवगत कराया था कि अध्यादेश के मुताबिक, इस बोर्ड में दो तरह के ट्रस्टी होंगे जिसमें एक नामित ट्रस्टी और दूसरे पदेन ट्रस्टी। नामित ट्रस्टी में वैष्णव परंपरा से संत, महात्मा, गुरु, विद्वान, मठाधीश और महंत आदि और सनातन धर्म मानने वाले लोग होंगे। हालांकि, उन्होंने पदेन ट्रस्टियों को लेकर घोर आपत्ति जताई जिनकी संख्या सात है और इनमें मथुरा के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त आदि जैसे अधिकारी होंगे। गोस्वामी ने कहा कि यह राज्य सरकार द्वारा इस निजी मंदिर में पिछले दरवाजे से प्रवेश के समान है।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

मेरठ। विशेष अदालत ने एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले में एक अभियुक्त को दोषी करार देते हुए उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, 2017 में भावनपुर थाना क्षेत्र के छिलौरा गांव निवासी यूनुस की शिकायत पर उसकी 16 वर्षीय पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में भूरे, आरिफ और सलमान नामक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

## प्रकाश लाल जी का स्मृति दिवस मना



मेरठ । गाजियाबाद राजनगर स्थित सेंट्रल पार्क में भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाश लाल जी का स्मृति दिवस मनाया गया इस मौके पर दीप प्रज्वलित किया गया तथा योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रखने में उनकी अहम भूमिका को याद किया गया इस मौके पर श्रीमती सरोज सभरवाल श्रीमती प्रीति राठी विनय भाटिया के साथ-साथ अनेक साधकों ने योगाभ्यास कर स्वर्गीय प्रकाश लाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बुजुर्ग को कार ने टक्कर मारी,मौत

सिद्धार्थनगर- खमरिया बुजुर्ग गांव में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ। पावर हाउस के पास दोपहर करीब 12:30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही 65 वर्षीय ठीकना को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान दोपहर करीब 3:00 बजे महिला की मृत्यु हो गई।

# छह चोर गिरफ्तार,10 वाहन बरामद

## वाहन चोर गिरोह का खुलासा ,पहले रेकी फिर करते थे वाहनों की चोरी



**मेरठ ।** मेरठ पुलिस ने बुधवार को वाहन चोरी गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 10 वाहन तथा दो वाहन के स्पेयर पार्ट्स बरामद किए हैं । यह जानकारी एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को दी ,एसपी सिटी के मुताबिक थाना लोहिया नगर पुलिस को उस समय सफलता मिली जब वह चेकिंग कर रही थी। पुलिस अधीक्षक नगर के मुताबिक पकड़े गए वाहन चोर 19 वर्ष से लेकर 25 वर्ष तक के हैं सभी आरोपी मेरठ के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जिसमें अयान ,आमिर ,नौशाद ,जुबेर, जुनैद ,शाहिद है जो थाना लोहिया नगर ,थाना लिसाड़ी गेट तथा थाना इंचोली के रहने वाले हैं। पकड़े गए वाहन चोर गिरोह में एक कबाड़ी भी शामिल है । पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के मुताबिक इस गिरोह के सदस्य सिर पर टोपी पहन कर पहले विभिन्न क्षेत्रों में रैकी करते थे और उसके बाद मौका पाकर वहां खड़ी मोटरसाइकिल अथवा स्कूटर का हैंडल तोड़कर चोरी कर लिया करते थे तथा 10 हजार से 15 हजार रुपए में बेचा करते थे जो वाहन नहीं बिक पाता था उसके पार्ट्स बेचा करते थे। पुलिस अधिकारी का कहना है कि जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे होते थे वहां से यह गिरोह चोरी को अंजाम नहीं देता था। पुलिस इस मामले पर भी जांच कर रही है की कबाड्डी वाहन चोरी के वाहनों को कहां बेचता था और कहां से खरीदता था । बरामद चोरी के वाहनों में 6 मोटरसाइकिल ,चार स्कूटी के अलावा दो वाहनों के स्पेयर पार्ट्स शामिल है पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली आशुतोष कुमार भी मौजूद रहे।

## मारपीट में पांच पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

प्रतापगढ़। पेड़ की डाल तोडने के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्राम सिंह गांव निवासी राज नारायण वर्मा पुत्र छेदी लाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस जुलाई को सुबह करीब सात बजे उसके महुआ के पेड़ की डाल तोड़ने को मना करने पर आरोपियों गांव के दीनानाथ, आलोकनाथ, पारसनाथ, दयानाथ पुत्रगण रामसुख व प्रभावती पत्नी पारस ने एकराय होकर उसे तथा उसके भाईयों को मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़ित का भाई सत्य नारायण बेहोश हो गया। वही जय नारायण को भी गंभीर चोंटे आ गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# श्रावस्ती के चयपुरवा गांव में दबंगों का आतंक

- विधवा की जमीन हड़पी, भाई को फंदे से घसीटा, शिकायत के बाद भी पीड़ित को नहीं मिला न्याय




श्रावस्ती। जनपद के सिरसिया थाना क्षेत्र के भरतापुर चयपुरवा गांव से आई यह घटना सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाती, बल्कि मानवता को शर्मसार भी करती है। यहां एक गरीब विधवा महिला मायावती और उसके परिवार को जमीन के विवाद में दबंगों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। पीड़िता मायावती का कहना है कि पति की मौत के बाद गांव के ही कुछ दबंगों ने एक महिला को उसके पति की दूसरी पत्नी बताकर उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। जब उसने इसका विरोध किया और न्यायालय में मुकदमा दायर किया, तो उसे और उसके भाई संतोष कुमार को जान से मारने की धमकी मिलने लगी। पीड़िता के भाई संतोष ने बताया कि दबंगों ने उसे रस्सी और गमछे से बांधकर गांव में घसीटा, घर में बंद कर बेरहमी से पीटा गया। यह पूरी घटना वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है, लेकिन स्थानीय पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पत्रकारों की टीम ने जब मौके पर पहुंचकर गांववालों से बात की, तो पता चला कि मायावती अकेली पीड़िता नहीं हैं। गांव में कई अन्य परिवार भी दबंगों के डर में जी रहे हैं। शिकायत करने पर उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी जाती है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती को शिकायत दी, परंतु अब तक विपक्षियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इंडिया जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले को उजागर किया और चेतावनी दी कि अगर न्याय नहीं मिला, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अवधेश पांडेय ने कहा कि एक गरीब विधवा और उसके मासूम बच्चों की जमीन पर कब्जा, फिर विरोध करने पर भाई की पिटाई और धमकियां – ये सब लोकतंत्र के मुंह पर तमाचा है। हम यह अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। पीड़िता मायावती ने शिवपूजन, पंकज, रामकुमार, चंद्रवीर और राजेश को नामजद किया है और कहा कि ये सभी मिलकर उसे गांव छोड़ने की धमकी देते हैं। उसका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वह अपने बच्चों के साथ पलायन करने को मजबूर हो जाएगी।

# सरकारी प्रबंधों की विफलता से प्रदेश में हर तबका है परेशान : मोना

- कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता ने खाद तथा बिजली आपूर्ति में सरकारी कुप्रबंधन सहित मुद्दों पर भाजपा पर किया हमला



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सरकारी क्षेत्र में यूरिया तथा डीएपी खाद की किल्लत को लेकर सूबे की सरकार की तगड़ी घेराबंदी की है। वही उन्होने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के खस्ताहाल तथा महिला अपराधो मे बढ़ोत्तरी को लेकर भी कड़ा हमला बोला है। बुधवार को निर्वाचन क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची विधायक आराधना मिश्रा मोना ने श्रावण माह में बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर मत्था टेका। उन्होने यहां रामपुरखास के सुख शांति व सतत विकास की प्रार्थना की। धाम स्थित निरीक्षण गृह में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने श्रावण माह के मेले से जुडी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा किया। विधायक मोना ने धाम में साफ सफाई की निरंतरता के साथ श्रद्धालुओं के लिए सभी बेहतर प्रबन्धों मे कार्यकताओं को योगदान के निर्देश दिये। उन्होने सई नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्नानार्थियों की सुरक्षा को लेकर भी सतर्कता बरतनें को कहा। लालगंज कैम्प कार्यालय पर पार्टी के संगठन सृजन अभियान की बैठक में उन्होने कार्यकताओं का हौंसला बढ़ाया। पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक मोना ने कहा कि इस समय धान की फसल की रोपाई चल रही है।

उन्होने कहा कि ऐसे समय में गरीब किसान को सरकारी क्षेत्र के संस्थानों के द्वारा यूरिया नहीं मिल पाना चिन्ताजनक है। उन्होने कहा कि बिजली की लगातार आवाजाही से किसान तथा छात्र व व्यापारी परेशान हैं। उन्होने कहा कि श्रावण माह में भी धार्मिक स्थलों तक पर आपूर्ति के हाल बद से बदतर हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विद्युत क्षेत्र में सरकार का प्रबन्धन चरमरा गया है। उन्होने कटाक्ष किया कि आपूर्ति के क्षेत्र में विफलता की जिम्मेदारी लेने की जगह सरकार का ध्यान किसान तथा मध्यम वर्ग के लिए बिजली का बिल बढ़ाने मे लगा है। उन्होने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में कर्मचारियों की छंटनी होना कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर यूपी में बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। उन्होने कहा कि प्रदेश में रोज महिला अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र में लोगों के मौलिक अधिकार तथा केन्द्र व राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार को लेकर सदन से सड़क तक संघर्ष की आवाज को तेवर के साथ उठाना जारी रखेगी। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक इकाई अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यकताओं से रूबरू होने के बाद उन्होने अम्बेडकर जनसेवा समिति के कार्यकताओं से भी मुलाकात किया।

## ताला तोड़ 1.20 की नगदी व सामान चोरी



बांसी सिद्धार्थनगर ।बांसी थाना कस्बे के मंगल बाजार धानी सड़क मार्ग स्थित एक दुकान में चोरों ने 1 लाख 20 हजार रुपए नगद व सीसीटीवी का बाक्स चोरी के वारदात को अंजाम दिया है , खबर के अनुसार बांसी मंगलबाजार धानी रोड स्थित एक प्लाई व हार्डवेयर की दुकान में मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखा एक लाख बीस हजार रुपया नगद और सी सी टी वी का बाक्स उठा ले गए हैं ।दुकानदार आनन्द किशोर सिंह ने बताया कि मंगल बाजार मे धानी रोड पर मां प्लाई एण्ड हार्डवेयर के नाम से उनकी दुकान हैं। मंगलवार की शाम को वह दुकान बंद कर अपने गांव चले गए। बुधवार की सुबह फोन पर पड़ोसी दुकानदारों ने उन्हें सूचना दिया कि आपकी दुकान का ताला तोड़कर चोरी हुई है। पड़ोसियों की सूचना पर मै तत्काल दुकान पर पहुंचा तो देखा दुकान के शटर का दोनों ताला टूटा हुआ था इसके बाद मैने दुकान में अंदर गया तो देखा कि काउंटर पर कागजात अस्त-व्यस्त था और गल्ले से एक लाख बीस हजार नगद गाय था। यही नहीं चोर सीसीटीवी का बॉक्स भी उठा ले गए है। दुकानदार आनन्द किशोर सिंह ने बताया कि मैने चोरी के घटना की लिखित सूचना कोतवाली में दे दिया है ।इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार तिवारी का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा।

## बारिश से खिल उठे किसान, फसलें हुईं हरी-भरी



श्रावस्ती। जहां उमस, धूप और गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर रखा था, वहीं आधे सावन के आते ही जब बादलों की बारात खेतों में उतरी, तो किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। धान की बैठौरी के कपोल निकलने लगे, और खेतों की हरियाली देख किसान फूले नहीं समाए। मानो उन्हें नव निधियों के दर्शन हो गए हों। ग्राम महदेइया मिश्रीपुरवा के अग्रणी किसान विनय कुमार तिवारी ने बताया कि बारिश की देरी ने किसानों की नींद उड़ा दी थी। खेतों में जाने का मन ही नहीं करता था, लेकिन भगवान भोलेनाथ की कृपा से जैसे ही बारिश शुरू हुई, धान और गन्ने की मुरझाई फसल फिर से लहलहाने लगी। उन्होंने कहा, ₹जैसे जैसे फसल सूख रही थी, वैसे वैसे हमारी जान भी सूख रही थी। हल्की लेकिन लगातार हो रही बारिश ने न सिर्फ तन को राहत दी है, बल्कि खेतों को भी संजीवनी मिल गई है। फलों में मिठास आ गई है। अमरूद, नींबू, करौदा, केला जैसी बागवानी फसलों के साथ ही सब्जियों की पैदावार की उम्मीद भी बढ़ गई है। किसान अब नए उत्साह के साथ खेतों में जुट गए हैं।

## महिला शिक्षक संघ की सीमा त्रिपाठी अध्यक्ष व पूनम सिंह महामंत्री निर्वाचित



प्रतापगढ़। स्थानीय ब्लाक संसाधन केन्द्र पर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई के चुनाव में शिक्षिका सीमा त्रिपाठी को अध्यक्ष तथा शिक्षिका पूनम सिंह को सर्वसम्मत से महामंत्री चयनित किया गया। संघ की जिलाध्यक्ष स्नेहा कुमारी शुक्ला की देखरेख में हुए चुनाव में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बतौर मुख्य अतिथि प्रमाण पत्र प्रदान किये। निर्वाचन में मनोरमा देवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यासमीन उपाध्यक्ष, गायत्री देवी संयुक्त मंत्री, श्वेता शुक्ला, वर्षा ओझा, माया पाण्डेय व जया त्रिपाठी संगठन मंत्री तथा अंजू मौर्या कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुई। वहीं सुशीला मिश्रा व धर्मकुमारी, सरिता विश्वकर्मा व किरन पाल को मीडिया प्रभारी चयनित किया गया। शिक्षिका रूखसार बानो को आय व्यय निरीक्षक चयनित किया गया। संघ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीमा त्रिपाठी ने कहा कि सशक्तीकरण के क्षेत्र में महिला शिक्षकों के उत्तरदायित्वों के प्रति वह सजग भूमिका निभायेगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर शिक्षक नेता प्रभाकर द्विवेदी, शैलेश गुप्ता, नवीन शुक्ला, ऋषि द्विवेदी, ऋतु शुक्ला, मनीष पाण्डेय, विशाल सिंह, आशीष कुमार आदि रहे।

## नेपाल बॉर्डर पर खाद की तस्करी जारी



सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनवा चौकी से लगे बॉर्डर इलाके में यूरिया खाद की तस्करी बेरोकटोक जारी है। मंगलवार रात लगभग 8 बजे एक वीडियो सामने आया। इसमें 5-6 बोरियों से लदी मोटरसाइकिलें नेपाल की ओर जाती दिखाई दे रही हैं। यह वीडियो शोहरतगढ़ से खुनवा रोड का बताया जा रहा है। नेपाल में यूरिया खाद की कीमत करीब 1450 प्रति बोरी है। भारत में यह भारी सब्सिडी के साथ किसानों को मिलती है। तस्कर मोटे मुनाफे के लालच में यह खाद नेपाल भेज रहे हैं। इस अवैध कारोबार में स्थानीय तस्करों के साथ प्रशासनिक मौन की भूमिका संदिग्ध है। बॉर्डर पर संयुक्त टीम की निगरानी के बावजूद तस्करी नहीं रुक रही है। कृषि विभाग की जिम्मेदारी है कि यूरिया खाद की आपूर्ति और वितरण पर सख्त निगरानी रखे। जनपद के किसान यूरिया खाद के लिए लंबी कतारों में खड़े हो रहे हैं। समय पर खाद न मिलने से फसल प्रभावित हो रही है। वहीं तस्करों को बड़ी मात्रा में यूरिया उपलब्ध हो रही है। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा कि आप पुलिस प्रशासन से भी बात करिए क्योंकि उन्हें की निष्क्रियता से तस्करी बढ़ रही है। उन्होंने यह कहकर फोन काट दिया।

## भिनगा पुलिस ने चोरी की लकड़ी समेत दो पकड़े




श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली भिनगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश शर्मा के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष कोतवाली भिनगा राजकुमार सरोज के नेतृत्व में चोरी की कीमती लकड़ी बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 30 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर को0 भिनगा पुलिस ने नवोदय विद्यालय के पास भिनगा-लक्ष्मणपुर मुख्य मार्ग पर एक पिकअप वाहन यूपी 43 टी 2605 को रोककर तलाशी ली। वाहन में 19 बोटा जंगली सौगान व 7 बोटा शीशम (जंगली) लकड़ी लदी मिली। मौके से ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना को0 भिनगा पर मु0अ0सं0 0367/25 धारा 303(2), 317(2) बी एन एस व धारा 26 भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो0 असलम पुत्र जमील अहमद, निवासी मोहल्ला शिवाजीपुरम, निकट मछली मंडी, थाना भिनगा, जनपद श्रावस्ती. मो0 आजम पुत्र अकरम, निवासी राम प्रसाद पुरवा, दा0 दुगार्पुर के0पी0, थाना भिनगा, जनपद श्रावस्ती।

## देश के 112 आकांक्षी जिलों में सिद्धार्थनगर दूसरे स्थान पर



सिद्धार्थनगर- सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में अतिथियों का पारंपरिक काला नमक चावल भेंटकर स्वागत किया गया। मंत्री अनिल राजभर ने भगवान बुद्ध की पावन भूमि को नमन करते हुए जनपद के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने जिलाधिकारी को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। मंत्री राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 112 आकांक्षी जनपदों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। इनमें सिद्धार्थनगर देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि जनपद शीघ्र ही अग्रणी जनपदों की श्रेणी में शामिल होगा। विधायक जय प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि के क्षेत्रों में जनपद की प्रगति की चर्चा की। उन्होंने जिलाधिकारी व प्रशासन की भूमिका की सराहना की। विधायक श्यामधनी राही ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इनमें ग्रामीण विद्युतीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि शामिल हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बताया कि नीति आयोग के निदेर्शानुसार सम्पूर्णता अभियान जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 तक चलाया गया। इस अभियान में जिले ने 6 में से 5 इंडिकेटर्स में संतृप्ति हासिल की है। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रजत चौरसिया की अहम भूमिका रही है। जिलाधिकारी ने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की दीदियों के प्रयासों की विशेष सराहना की।

## बस पलटी,बाइक सवार युवक समेत 7 लोग घायल



सिद्धार्थनगर- पथरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। मदरसे की स्कूली बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह बस तिगड़वा से मिठवल की ओर स्कूली छात्राओं को लेने जा रही थी। हादसा पाली गांव के पास हुआ। बस पहले बाइक सवार से टकराई और फिर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में पाला गांव निवासी संदीप वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। वह हनुमान वर्मा के पुत्र हैं। परिजन उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बस पलटने से उसमें सवार पांच छात्राओं और चालक को भी चोटें आईं। पुलिस मौके पर तुरंत पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य किया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## पत्नी की मौत मामले में पति गिरफ्तार, जेठ-जेठानी फरार



सिद्धार्थनगर- जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के ककरही गांव में एक नया मामला सामने आया है। 22 वर्षीय अंजलि की सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिवार ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता राम लखन की शिकायत पर पुलिस ने पति बुच्चुन, जेठ गुड्डू और जेठानी आरती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष मीरा चौहान के अनुसार, बुधवार को पुलिस ने आरोपी पति बुच्चुन को सिद्धार्थनगर के फजिहतवा नाला मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य दो आरोपी अभी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। मृतका के पिता का कहना है कि अंजलि को चार साल से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल वाले उस पर मोटरसाइकिल लाने का दबाव बना रहे थे। उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। अंजलि की मां ने बताया कि उन्होंने पहले भी थाने में शिकायत दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि अंजलि का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अंजलि अपने पीछे तीन साल का बेटा छोड़ गई है। परिजनों का कहना है कि अगर पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो शायद अंजलि की जान बच सकती थी।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। 1. खुली अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी.-05/2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, भरथना पर 33 के.वी. कैपिस्टर बैक पैनलों पर न्यूमैरिक्ल एन.डी.आर.रिले एवं 02 नग 33 के.वी. वी.सी.बी. पर पोस्टइन्सुलेटर बदले जाने इत्यादि का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/ कार्यदायी संस्थाएं तदनुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा।**

**''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''**

**(पत्रांक 1203 / 30/07/2025)**

संक्षेप

## जमीन का फर्जी बैनामा करवाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहाँपुर ।पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुंवायां के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकथाम व गिरफ्तारी वांछित अभियुक्त के क्रम में पुवायाँ पुलिस ने धोखाधड़ी करके जमीन का फर्जी बैनामा करवाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार। वादी लालबिहारी पुत्र रामअवध नि० ग्राम सुरजनपुर, थाना मैलानी, जनपद खीरी के प्रार्थना पत्र पर मा० न्यायालय के आदेश अन्तर्गत अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र रामअवध उम्र ,कर्मजीत पुत्र मलूक सिंह ,. मलूक सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह , अशोक कुमार पुत्र वचन सिंह नि0 गण ग्राम महमदपुर सैजनिया, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर , रामहरख पुत्र भग्गू नि० ग्राम सुरजनपुर, थाना मैलानी तह० गोला, जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा वादी की जगह पर किसी दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके वादी की जमीन का बैनामा किसी और के हक में करा देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना निरीक्षक अपराध श्री राकेश सिंह द्वारा की जा रही हैं। थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रामहरख पुत्र भग्गू उम्र करीब 80 वर्ष नि० ग्राम सुरजनपुर, थाना मैलानी, जनपद लखीमपुर खीरी को उसके घर ग्राम सुरजनपुर, थाना मैलानी, जनपद लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

## पॉलिथीन बिक्री पर कब लगेगी रोक

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में ग्रामीण अंचलों से लेकर जिले तक चाहे छोटे दुकानदार हो या फिर बड़े दुकानदार हो सभी दुकानदार धड़ले से पॉलिथीन का प्रयोग कर रहे हैं जबकि जिला प्रशासन पॉलिथीन पर रोक लगाने के लिए काफी कुछ प्रयास में जुटा हुआ है।पॉलिथीन प्रदूषण को कम करने के लिए, हमें प्लास्टिक के उपयोग को कम करना होगा, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना होगा, और पॉलिथीन के अनुचित निपटान को रोकना होगा । नगर के बजारों में ग्रामीण क्षेत्रों में यहां तक की शादी पार्टी में खुलेआम प्लास्टिक की बोतल एवं गिलास आदिका खुलेआमपयोग किया। इस प्रकार के प्रयोग पर जिला प्रशासन को कठोर कदम बरतने की आवश्यकता है

## घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़

मोहम्मदी खीरी।क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर दलित किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया दोपहर 11 बजे करीब वह खेत पर पशुओं के लिए घास काटने गई थी घर पर उसकी पुत्री अकेली थी मौका पाकर प्रभु दयाल निवासी झारा खेमपुर घर में लगे पुदीना लेने के बहाने घुस आया और उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा विरोध कर हल्ला मचाने पर आरोपी छोड़कर भाग निकला खेत से लौटने पर पीड़िता ने मां को पूरा वाक्या बताया जिससे उसके पैरों तले जमीन खिसक गई पुलिस ने आनंन-फानन में नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना सी ओ अरुण कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# 25 दिन की मशक्कत के बाद पकड़ा गया तेंदुआ



जिला संवाददाता(vol)

- पूर्व विधायक के आवास के पास कर रहा था चहलकदमी
- तीन दिन पूर्व सी सी टी वी में आया था नजर

धौरहरा खीरी।वन रेंज के बेल्तुआ गांव में बीते एक महीने से दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया।मादा तेंदुआ भाजपा के पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के आवास बेल्तुआ के आसपास लगातार घूमता दिखाई दे रहा था।तीन दिन पहले यह सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ था।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और बुधवार सुबह सफलता हाथ लगी।वन विभाग की टीम ने मौके पर पिंजरे और नाइट विजन कैमरे लगाकर लगातार निगरानी रखी। वही ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ करीब एक माह से गांव के कुत्तों और लावारिस पशुओं का शिकार कर रहा था।इससे लोगों में दहशत थी, हालांकि मादा तेंदुऐ द्वारा जनहानि की कोई सूचना नहीं मिली।ग्रामीणों ने तेंदुए के पकड़े जाने के बाद राहत की सांस ली है। इस मामले में डीएफओ उत्तर सौरीश सहाय ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ मादा है और उम्र करीब तीन से चार वर्ष है।उसे रेंज ऑफिस लाया गया है, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण डाक्टर दया शंकर द्वारा किया जाएगा। परीक्षण के बाद उसे सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ा जाएगा।

## मानव तस्करी को लेकर गोष्ठी का आयोजन




गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) लखीमपुर मार्ग स्थित कृषक समाज इंटर कॉलेज में शाश्वत सेवार्थ समिति एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मानव तस्करी को लेकर युवाओं को जागरूक किया गया।वक्ताओं ने मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, इसके कारणों और इससे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार यह अपराध समाज की नींव को कमजोर करता है और इसके खिलाफ मिलकर लड़ने की आवश्यकता है।गोष्ठी में पूर्व सांसद और विद्यालय प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा, डॉ. अनिल, संदीप वर्मा, सचिन वर्मा के द्वारा अंशिका सोनी, आरती शाह, प्रिंस गिरि को सम्मानित किया गया। गोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी योगेंद्र यादव ने किया।

## मिशन शक्ति के तहत कला प्रतियोगिता का आयोजन




शाहजहाँपुर। महिला कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक कांट के कंपोजिट विद्यालय विक्रमपुर में मिशन शक्ति के तहत कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सुंदर कला प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के प्रति जागरूकता फैलाते हुए आवेदन के लिए प्रेरित किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बालिकाओं से जुड़ी संस्थाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक अमित चतुर्वेदी, रूपा देवी, ज्योति वर्मा, ज्योत्सना शर्मा, शगुफ्ता अनवर, सना फातिमा व फैजान खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## संत गोस्वामी तुलसीदास की मनी जयंती

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। विद्याभारती विद्यालय डॉ.हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास-विकास, लखीमपुर-खीरी में आज सन्त गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती बड़ी ही श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुआ। मंचासीन अतिथि का परिचय अवकाश प्राप्त आचार्य श्याम वल्लभ शुक्ल ने कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डा.अनिल कुमार त्रिपाठी अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज लाखुन उपस्थित रहे। विद्यालय के आचार्य सर्वेश कुमार वाजपेयी ने सन्त गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि का सभी को उद्बोधन प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम मणि मिश्र ने गोस्वामी तुलसी दास जी की जयन्ती मनाने की सार्थकता की ओर सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए। तुलसीदास जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में परोपकार कार्य करने व देश तथा ईश्वर के प्रति आस्था रखने पर बल दिया।विद्यालय की आचार्या गरिमा मिश्रा व आचार्य सर्वेश वाजपेयी के निर्देशन में भैया- बहनों की एक मानस प्रसंगों से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी भैया-बहिनों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य राममणि मिश्र ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया-बहिन, आचार्य-आचार्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये निर्देश

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में मण्डलायुक्त ने लोक निमार्ण विभाग और एनएचएआई को निर्देशित किया कि संभाग के जनपदों में ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना सम्भाव्य क्षेत्रो की पहचान कर उनमे सुधारात्मक कार्यवाही करायी जाए।मण्डलायुक्त ने अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सिटी सोनभद्र, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन मीरजापुर को निर्देशित किया कि वह अपने जनपद में ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना सम्भाव्य क्षेत्रो की पहचान प्राथमिकता के आधार पर करायें जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकें और चिन्हित ब्लैक स्पॉट एंव दुर्घटना सम्भाव्य क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण कराया जाए।उन्होंने संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा एके सिंह को निर्देशित किया गया कि वह घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर भारत सरकार की राह वीर योजना के तहत 25000 रुपए का पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र दिलाया जा सके। अज्ञात वाहन से हुयी दुर्घटना में घायल एवं मृत व्यक्तियों को सोलेशियम स्कीम के तहत सहायता दिलाये जाने के लिए संबन्धित परिवार का व्यक्ति अपने उप जिलाधिकारी के यहॉ आवेदन कर रू 2 लाख तक की सहायता प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे ऐसे प्रकरणों में लोगो का सहायता प्राप्त हो सकें। मण्डलायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया स्कूलों मे चलने वाले वाहन जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है और जिनके द्वारा स्कूल परमिट प्राप्त नही किया गया है स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य को निर्देशित कर वाहनों की फिटनेस करवाये और परमिट से भी आच्छादित करायें। बैठक में उपस्थित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी( प्रशासन, प्रवर्तन) जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एंव संतरविदास नगर ( भदोही ) को मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि वह डिटेशन यार्ड की स्थापन हेतु भूमि प्राप्त करने के लिए अपने जिलाधिकारी से मिलें। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा दिए गये निर्देश के क्रम में संभाग के सभी जनपदों में टैंपो टैक्सी एंव ई-रिक्शा में चालक, मालिक का नाम, मोबाईल नम्बर व आधार संख्या उपलब्ध करायी जाए। बैठक में सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) उदयबीर सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), रविकांत शुक्ल, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा एके सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रथम एसपी सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय विजय प्रकाश सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) सोनभद्र राजेश्वर यादव, राम सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), भदोही, संतोष कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), मीरजापुर, श्री कन्हैया प्रसाद गुप्ता, यात्री, मालकर अधिकारी, प्रथम मीरजापुर, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, यात्री, मालकर अधिकारी, द्वितीय मीरजापुर, मनोज कुमार गुप्ता, यात्री, मालकर अधिकारी, सोनभद्र, राम स्वरूप, मुख्य अभियंता लोनिवि, मीरजापुर कल्पना श्रीवास्तव, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उपरासपनि, मीरजापुर शेषबाला वर्मा, सहायक निदेशक (बेसिक शिक्षा), मीरजापुर एवं एनएचएआई, लोक निमार्ण विभाग, उपसा के अधिकारी एंव उप्र ट्रासंपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## मानसिक विक्षिप्त युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) गोला लखीमपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम मूर्तिहा के पास एक युवक का शव क्षतविक्षत अवस्था में पड़ा हुआ पाया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मूर्तिहा के पास शव पडा होने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।पास पड़ोस के कई गांव के लोगों ने शव को पहचानने की कोशिश की। मृतक की पहचान अरुण पुत्र गया प्रसाद निवासी अमकोटवा थाना गोला के रूप में हुई। परिवारिजनों ने बताया की मृतक अरुण बचपन से मानसिक रूप से बीमार रहता था। सुबह घर से कही चला गया था। जिसके बाद हादसे की सूचना मिली। हल्का इंचार्ज अरविन्द मौर्या ने बताया की मृतक युवक मानसिक रूप से बीमार था, अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई है।

## युवक ने खाया जहर

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरा निवासी 19 वर्षीय अर्जुन पुत्र लालसिंह ने अज्ञात कारणों के जहरीला पद्वार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर उसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

## चोरी करते पकड़ा गया युवक, पुलिस के हवाले

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) कंजा बरम बाबा आश्रम पर एक चोर कांवड़िया का बैग और मोबाइल चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान विपिन बाजपेई निवासी ग्राम कपरहा के रूप में हुई है। कंजा बरम बाबा आश्रम के सेवादारों ने सतर्कता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। उस समय आश्रम परिसर में पुलिसकर्मी सब इंस्पेक्टर पन्ना लाल यादव व एक कांस्टेबल भी मौजूद थे। सेवादारों ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। सेवादारों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से आश्रम परिसर में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। दो दिन पूर्व सेवादार पंकज का मोबाइल चोरी हो गया था, जो आज आरोपी विपिन बाजपेई के पास से बरामद हो गया। सेवादारों ने मांग की है कि आश्रम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाए ताकि सावन माह में आने वाले श्रद्धालु बिना किसी भय के दर्शन व सेवा कार्य कर सकें।

## यूट्यूबर अरविंद फरार, कई टीमें गठित

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) शहर के विकास चैराहा स्थित रेडीमेड कपडा व्यवसायी और युटुबर अरविंद का एक अजगर सांप को लेकर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद हरकत में आई वन विभाग ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामला वन विभाग के द्वारा दर्ज किए जाने के बाद यूट्यूब पर रील बनाने वाले अरविंद के दो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहे हैं, एक वीडियो में अरविंद माफी मांगते हुए नजर आ रहे हैं तो दूसरे वीडियो में सपेरा उनकी दुकान पर मौजूद दिखाई दे रहा है। सपेरा अजगर सहित कई सांपों को उनके गले में डाल रहा है। इसी वीडियो को प्रसारित करते हुए अरविंद फसाए जाने की साजिश बता रहे हैं। रेंजर संजीव तिवारी ने बताया कि अरविंद की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं । लखनऊ की लोकेशन मिली है। एक टीम लखनऊ भेजी जाएगी।

# नारद संवाद की गूंज से गूंजा रामलीला मैदान



शाहजहांपुर। श्रावण मास की पावन बेला में आयोजित श्री स्कंद शिव महापुराण कथा का आज तीसरा दिन भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान में आस्था की बयार बह रही है, और व्यासपीठ पर विराजमान संतों के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही दिव्य वाणी ने जनमानस को भाव-विभोर कर दिया।आज के तृतीय दिवस की कथा का शुभारंभ हरिशरण बाजपेई एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा बाजपेई द्वारा विधिवत व्यास पीठ पूजन से हुआ।

यह पूजन एक प्रकार से गुरु परंपरा के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया। पूजन को बनारस से पधारे आचार्य विवेकानंद शास्त्री एवं आचार्य कार्तिकेय द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण व वैदिक विधि से संपन्न कराया।कथा के मुख्य वक्ता, काशी की पावन धरा से पधारे संत प्रशांत प्रभु जी महाराज ने आज नारद संवाद की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि–ꞈनारद मुनि न केवल देवताओं के दूत हैं, अपितु समस्त विश्व में भक्ति, ज्ञान और सत्य का संदेश प्रसारित करने वाले सनातन संस्कृति के अमर प्रतीक हैं।ꞈउनकी वाणी में जहां ज्ञान की गंभीरता थी, वहीं कथा में भक्तिरस की मधुरता भी घुली हुई थी। श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण किया और बार-बार जयकारों से वातावरण को गुंजायमान किया।पांडाल में सभी आयु वर्ग के लोग उपस्थित रहे कोई ध्यानमग्न तो कोई नयन मूंदे कथा-सागर में गोते लगा रहा था। संतों का समागम और भक्तों का संगम इस आयोजन को एक अलौकिक अनुभूति प्रदान कर रहा है।यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली वह आध्यात्मिक डोर है, जो परंपरा, संस्कृति और विश्वास की माला में हर वर्ष शाहजहांपुर को पिरोती है।

## तुलसीदास व प्रेमचंद जयंती के पूर्व संध्या पर हुई कवि गोष्ठी

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र व सोबाए के संयुक्त संयोजन में बुधवार को सोबाए सभागार में कवि गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं उपन्यासकार कथाकार, समीक्षक रामनाथ शिवेन्द्र मुख्य अतिथि ने वाग्देवी और तुलसीदास तथा प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण दीपदान कर कवि ईश्वर विरागी के वाणी वंदना से विधिवत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कवयित्री कौशल्या कुमारी चैहान ने सुनाया ह्यआपस में नफरत आपस में तकरार, मानव के जीवन की है सबसे बड़ी हार सुनाकर तालियां बटोरी। धर्मेश चौहान ने नित नूतन निर्माण हो जीवन नीव अटल आधार हो जीवन, प्रदुम्न त्रिपाठी ने, पड़े जरूरत जब भी वतन को कफन बांध हम आयेंगे, काश लहू का इक इक कतरा भारत माँ के काम आये सुनाकर देशप्रेम की छटा बिखेर दिया। विकास वर्मा ने मजहब को अपने घर में ही महदूद कीजिये, दयानंद दयालू ने उजड़ल जाता बाग बगैचा सगरो लागै सूना, दिलीप सिंह दीपक ने जला शमशान में घंटों तलक बस राख होने को, दिवाकर मेघ ने हास्य रचना, बीए पढै लागल बा बेटौवा, संचालन कर रहे अशोक तिवारी ने बेबसी अंधेरे की जब देखी नहीं गयी,, हमने घर जलाकर रौशनी की है, अजय चतुर्वेदी कक्का ने तीक्ष्ण धारदार व्यंग्य अक्ल बड़ी या भैंस सुनाकर खूब हंसाये।

राकेश शरण मिश्र ने सोनभद्र की पावन धरती हम सबका अभिमान है, ओज कवि प्रभात सिंह चंदेल ने फिर घना काला अंधेरा मुल्क पर अब छा रहा है, सुधाकर स्वदेश प्रेम ने जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले, शाइर अब्दुल हई ने सच बोल दिये तो कितनों के चेहरे उतर गये सुनाकर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि रामनाथ शिवेन्द्र ने लोकमंगल के संवाहक गोस्वामी तुलसीदास व शेक्सपियर के समकक्ष खड़े मजलूम मुफलिस के दर्द को अपने रचना संसार में उकेरने वाले प्रेमचंद के व्यक्तित्व कृतित्व पर विशद निरूपण किया।

## ऐप्जा जिलाध्यक्ष ने किया पांच दिवसीय भंडारे का शुभारंभ

शाहजहांपुर । हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए ऐप्जा ( ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ) के जिला महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार रिजवान खां द्वारा कांट क्षेत्र स्थित अनमोल रेस्टोरेंट व मैरिज लॉन पर पांच



दिवसीय भंडारे का भव्य शुभारंभ किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ ऐप्जा जिलाध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी, रिजवान खां व आशीष त्रिपाठी ने भाजपा नेता योगेश शर्मा, विमल बाजपेई और सपा नेता कमल मिश्रा उर्फ मंगू के साथ भगवान भोलेनाथ के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया।फरुर्खाबाद-शाहजहांपुर कांवड़ मार्ग से गुजरने वाले छोटी काशी गोला जाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और उन्हें फल, पूड़ी, सब्जी आदि का प्रसाद वितरित किया गया।यह आयोजन क्षेत्र में भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति की अनूठी मिसाल बना हुआ है।

## बैडमिंटन खिलाड़ियों को किया सम्मानित

शाहजहांपुर ।सीतापुर के स्टेडियम में आयोजित बैंडमिंटन प्रतियोगिता में कक्षा नौ के छात्र स्पर्श और राघवेंद्र ने जीत हासिल की ।दोनों ने सिंगल व डबल्स के



खिताब को जीतकर जिले का नाम रोशन किया। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उत्साह बढ़ाया ।

## यूरिया खाद के वितरण को लेकर किसान परेशान

बेलरायां खीरी। सहकारी क्रय विक्रय समिति बेलरायां में यूरिया खाद के वितरण को लेकर किसान सुबह 5 बजे से भूख प्यास क्रय विक्रय समिति के दरवाजे पर इस इंतजार में खड़े है। कब वो समय आएगा जब कि खाद का वितरण होगा। वही न ही किसानों के लिए कोई भी पेयजल की व्यवस्था है जो हैं भी वो केवल सो पीस बने खड़े हैं जिम्मेदार मौन। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद वितरण करने वाले समिति के सचिव के पास जब किसान उनके आवास पर पहुँचे तो उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे पास किसी तरीके का मैसेज नही आया है। अंत मे काफी जद्दोजहद के बात आपसी सहयोग से किसानों को टोकन सिस्टम के तहत पर्ची वितरण की गयी और अगले दिन खाद वितरण की बात कही गयी की आप लोग कल आइए और अपना टोकन लाये और खाद ले जाये।

## बाइक और साइकिल की भिड़ंत में दो जख्मी

मोहम्मदी खीरी।क्षेत्र में मोहम्मदी जंग बहादुरगंज मार्ग पर गांव झिंगुरी पुरवा के पास रास्ते में अचानक सांड आ जाने से साइकिल सवार वृद्ध को बाइक सवार दंपति की टक्कर लग गई जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए पुलिस ने इलाज के लिए सी एच सी मोहम्मदी भर्ती कराया हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार झिंगुरी पुरवा के पास पिपरिया निवासी रामस्वरूप अपनी साइकिल से गांव जा रहे थे मोहम्मदी से अपने गांव वापस लौट रहे जसमढी निवासी कुलविंदर अपनी बाइक पर पत्नी को बैठाकर गांव जा रहे थे अचानक रास्ते में सांड आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गई जिससे सभी गहरी खाई में जा गिरे सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी हालत में पड़े लोगों को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत नाजुक होने के चलते डॉक्टर ने जिला अस्पताल शाहजहांपुर से बरेली भेजा गया है।

## घाघरा से निकले सोतिया नाले में आठ वर्षीय बालक डूबा



धौरहरा खीरी।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव बाहर निकले घाघरा नदी से निकले सोतिया नाले में खेलते समय आठ वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत परौरी निवासी बैठूं चौहान के 8 वर्षीय पुत्र सोविन्द घाघरा नदी से निकले सोतिया नाले में पडी लकडी पर खेलने के दौरान लकड़ी के पलटने से डूबकर मौत हो गई।घटना के बाद गांव में हाहाकार मच गया।सूचना पर पहुंचे कोतवाली के उप निरीक्षक मोहन सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में पांच घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।( वीओएल )क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गये। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कालीचरनपुर निवासी सुनीता (35) पत्नी आशाराम, रामपुर जंगल निवासी अंसू वर्मा (16) पुत्री सुरेन्द्र कुमार, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रानीखेडा निवासी लीलावती (60) पत्नी माखन, भल्लिया बुर्जुग निवासी राजेश कुमार (35) रामसागर, मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम दिमोरिया निवास भारत सिंह (17) पुत्र कृष्णपाल सिंह सडक दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने लीलावती, राजेश कुमार, भारत सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

## दुर्घटना में पिता के बाद घायल पुत्र की भी मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में पिकअप की टक्कर में हरिश्चन्द्र की मौत के बाद घायल पुत्र अभिषेक की भी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई है। शुक्रवार को गोला शाहजहांपुर हाईवे पर नहर पुल के पास पिकअप चालक विष्णु निवासी ग्राम सोनोरा थाना तिलहर बंथरा शाहजहांपुर से कोल्ड ड्रिंक भरकर आ रहा था। तभी वह अनियंत्रित होकर सवारी की इंतजार में खड़े पिता पुत्र को टक्कर मारकर पलट गया था। टक्कर में थाना क्षेत्र के ग्राम टीकापुर निवासी हरिश्चंद्र व उनका पुत्र अभिषेक घायल हो गया था। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला से रेफर किया गया था। पुलिस नें मृतक हरिश्चन्द्र के पुत्र सुमित की तहरीर पर पिकप और चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## एक से सात तक आकांक्षा हाट मेला का आयोजन

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने बताया कि नीति आयोग और जिला प्रशासन के सहयोग से 1 अगस्त से 7 अगस्त, 2025 तक स्थान विवेकानंद प्रेक्षागृह में आकांक्षा हाट, पब्लिक मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद के अंतर्गत कार्य करने वाले विभागों के लाभार्थियों के द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी की जाएगी तथा जनपद के हुनरमंद लोगों के हुनर का भी प्रदर्शन किया जाएगा । यह कार्यक्रम पूरे 7 दिनों तक चलेगा 1 अगस्त को इसका शुभारंभ माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्वाहन 11 बजे से किया जाएगा तत्पश्चात यह कार्यक्रम आगामी 7 दिनों तक नियमित रूप से चलता रहेगा। इस मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग के लाभार्थियों के द्वारा भी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी की जाएगी ।

संक्षेप

## मैकनिक का पेड़ पर लटकता मिला शव

आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिंघड़ा गांव के सिवान मे संदिग्ध परिस्थितियों शीशम के पेड़ पर एक लटकता हुआ शव मिला। शव की पहचान धरनीपुर बिसया गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा (50) पुत्र सत्यनारायण के रूप मे हुई। शव की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के मुताबिक गंभीरपुर थाना क्षेत्र के धरनीपुर विषया गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा पुत्र सत्यनारायण गंभीरपुर बाजार में मैकेनिक की दुकान है। बुधवार की सुबह खेत जा रही गांव की महिलाओं ने शिमला गांव निवासी वीरेंद्र यादव के खेत में शिशम पेड़ पर एक लटकता हुआ शव देखा शव की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया स्थानिक ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक के पुत्र सूरज विश्वकर्मा ने बताया कि सोमवार की शाम से ही मेरे पिताजी गायब थे इनकी हम लोग इधर-उधर खोजबीन कर रहे थे लेकिन इनका कुछ पता नहीं चल रहा था बुधवार की सुबह हमें सूचना मिली कि मेरे पिता का ग्राम सभा में पेड से लटकता हुआ मिला।

## सावन में रूद्राष्टाध्यायी के मंत्रों से गूंज रहा गांव

जौनपुर। शहर व गांव के सभी शिवालय, मन्दिर श्रावण मास के दोनों पक्ष कृष्ण व शुक्ल में शिव पूजा और रूद्राभिषेक की गूंज से सनातन परम्परा की ज्योति अनवरत जारी है। पं0त्रिलोकी के अनुसार घर -घर पूजा पाठ रखने से व मन्दिर की पूजा से श्रावण मास की शोभा बढ गई है। उन्होने कहा कि रूद्राभिषेक से शिव जी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामना भी पूरी होती हैं। गाँव - गाँव शहर- शहर चारों ओर ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव की गूंज से आध्यात्मिक वातावरण सृजित भक्तमय आयोजन से ऊजार्मान समाज दिखने लगा है। बताया कि मेरे गाँव में घर- घर पूजा रखी जा रही है और कोई दिन खाली नही है। पूजा के आयोजन में तैयारियां भक्त परिवार में पहले से ही शुरू की जारी हैं जो परिवार छूट रहें हैं वह भी तैयारी में जुट गए हैं इस प्रकार की पूजा रखने के पश्चात भक्तों को प्रसाद व वैष्णव भोजन कराने से समाज में एक अलग संदेश और भाईचारा बढ रहा है। मान्यता यह भी है कि भक्तिभाव से किया जाने वाला रूद्राभिषेक से कई लाभ होते हैं जैसे रोगों से मुक्ति, ग्रह दोष दूर होते हैं। रूद्राभिषेक कराने के लिए विद्वान पंडित से परामर्श लेकर ही शिव वास जानकर आयोजन करना चाहिए अन्यथा हानि भी हो सकती है।

## ट्रैक्टर पलटा, चालक समेत दो की मौत

मीरजापुर। जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के कंचनपुर धुरिया ग्राम सभा में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खेत में जा पलटी जिसमें दो की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह 8 बजे ट्रैक्टर चालक पहाड़ में से काम कर वापस लौट रहे थे कि कंचनपुर ग्राम सभा के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी जिसमें चालक साथ में साथी राम लखन पुत्र पसरात उम्र 45 वर्ष निवासी भलोई थाना नेवारपुर दुद्धी वही दूसरा साथी रामकिसुन पुत्र हीरामन उम्र 43 वर्ष वर्ष निवासी भलोई थाना नेवारपुर दुद्धी की मौके पर हम मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दबे हुए ट्रैक्टर में से ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने देखा तो दोनों की मौत की पुष्टि की वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुड़ गए पुलिस ने घर वालों को सूचना दे दिया है।

## युवक ने की पत्नी की हत्या

मीरजापुर। देहात कोतवाली के खजुरी गांव में आपसी विवाद के पति ने तवा से हमला करके पत्नी रूपा विश्वकर्मा की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपित पति फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति की तलाश कर उसे हिरासत में ले लिया है। बताया गया खजुरी गांव के रहने वाले एक व्यक्ति का उसकी पत्नी रूपा विश्वकर्मा से आपसी विवाद हो गया। आरोप है कि मामला बढ़ने पर पति ने पत्नी पर तवे से प्रहार किया गया जिससे पत्नी की मृत्यु हो गई। मौके पर सीओ सदर अमर बहादुर देहात कोतवाल सदानन्द सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया।

# एमओआईसी करें डाटा फीडिंग ऑपरेटर के कार्यों की समीक्षा



आजमगढ़। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति आजमगढ़ के शासी निकाय एवं जनपदीय टास्क फोर्स (नियमित टीकाकरण) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में पाया गया कि 72 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि संस्थागत प्रसव को बढ़ाएं। उन्होंने एमओआईसी लालगंज, जहानागंज, पल्हनी, सठियांव, बिलरियागंज को बच्चों के रजिस्ट्रेशन में प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एमओआईसी को डाटा फीडिंग ऑपरेटर के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लाक वाइज लक्ष्य के सापेक्ष महिला/पुरुष नसबंदी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शुगर, बीपी, हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग शहरी क्षेत्रों में बढ़ाया जाए एवं जहां कम स्क्रीनिंग हो रही है, उन्हें नोटिस दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि टीकाकरण की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा एचएमआईएस पोर्टल के साथ ही यू-विन पोर्टल पर रियल टाइम टाडा फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां फीडिंग में परेशानी/समस्या आ रही है, वहां डाटा एंट्री ऑपरेटर की ट्रेनिंग भी करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिया की समस्त एमओआईसी स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि वीएबी छूटे हुए परिवारों की रिपोर्टिंग सुनिश्चित किया जाए तथा समस्त एमओआईसी मीटिंग के एजेंडा में शामिल करें। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया है कि समस्त संबंधित अधिकारी अपने अधीन समस्त विद्यालयों/मदरसों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/प्रधान अध्यापक एवं सी०डी०पी०ओ०, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित को स्कूल आधारित टी०डी० टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु निर्देशित करें। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होगा। उन्होने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपरोक्त सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर डिप्थीरिया कन्टेनिंग वैक्सीन से शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाये। साथ ही जनपद स्तर पर प्रतिदिन अभियान के प्रगति की समीक्षा की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया है कि जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक उपकेन्द्र/शहरी ए०एन०एम० क्षेत्रवार स्कूलों/मदरसों को सूचीबद्व कर स्कूल आधारित टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करायी जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान स्कूल आधारित टी०डी० अभियान से छूटे हुये सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने हेतु 1 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 के मध्य पुनः स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान का आयोजन प्रस्तावित है।

## नवागत डीएम ने मां विंध्यवासिनी देवी धाम में टेका मत्था



मीरजापुर। जनपद के नवागत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बुधवार को विंध्याचल देवी धाम पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी जी का दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के पश्चात जिलाधिकारी ने नगर विधायक रत्नाकर मिश्र से मुलाकात की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जी लाल, जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय, अध्यक्ष विंध्य पडा समाज पंकज द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

## सहायक महासचिव बने आनन्द, बीएसएनएल कर्मियों में हर्ष



आजमगढ़। बीएसएनएल इम्पलाइज यूनियन के 11वें अखिल भारतीय सम्मेलन में आजमगढ़ के आनन्द कुमार सिंह को सर्वसम्मति से केंद्रीय इकाई में सहायक महासचिव बनाए जाने से बीएसएनएल कर्मियों में हर्ष व्याप्त है। श्री सिंह को लगातार बधाईयां मिल रही है कि अब और मजबूती से हमारी समस्याओं को शीर्ष नेतृत्व तक पहुचेगा और उसका निदान होगा।

बताते चले कि यह अखिल भारतीय सम्मेलन तमिलनाडु के कोयंबटूर नगर में सम्पन्न हुआ था। जिसमे आजमगढ़ के आनन्द कुमार सिंह शामिल थे। जैसे ही आजमगढ़ स्थित सी-डाट कार्यालय पर पहुंचे तो उन्हें माल्यार्पण कर आजमगढ़ के बीएसएनएल कर्मियों ने ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत में करते हुए बीएसएनएल के प्रचलन क्षेत्र प्रमुख अनिल कुमार मीणा ने कहाकि कर्मचारियों हितों के लिए आनंद सिंह सदैव तत्पर रहे है और केंद्रीय इकाई तक अपनी समस्या और सुझाव रखने में आसानी होगी।

बधाई सहायक महाप्रबंधक केपी विश्वकर्मा, वित्त लेखाधिकारी अरविंद कुमार उपाध्याय ने भी आनंद सिंह ने पूरे देश में आजमगढ़ को गौरवांवित किया है। शीर्ष नेतृत्व से लेकर सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए केंद्रीय सहायक महासचिव आनंद कुमार सिंह ने कहाकि कर्मचारी हित और उनकी समस्याओं का निदान ही हमारी प्राथमिकता है। बधाई देने वालों में सहायक जिला सचिव प्रशांत यादव, प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील कुमार उपाध्याय, माता प्रसाद यादव, छेदी शर्मा, संतोष कुमार सिंह, रामफेर राम, अभिनव द्विवेदी, गुरु चंद प्रथमनंद सिंह, गुलाब यादव, अब्दुल्ल हन्नान, देवेश यादव, कमलेश यादव, किसमती देवी, नीलम पांडे, विद्या देवी, संदीप आदि शामिल रहे।

## जिला अस्पताल के ओपीडी गलियारे में घुसा पानी



जौनपुर। शहर के विकास को लेकर जहां जहां जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े बड़े दावे किये जा रहे है वहीं पूरा शहर जलजमाव की समस्या हर मोहल्ले में बनी हुई है। कहीं सड़के धंसी है तो कही नाले नालियों से बरसात का पानी नहीं निकल पा रहा है। दुर्व्यवस्था की हद तो तब हो गयी अमर शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय में बुणवार को हल्की बरसात होते ही अस्पताल में बने ओपीडी के अन्दर पानी घुस गया। जिससे मरीजों में अफरा-तफरी मच गया। लोग कपड़े उठाकर उसी में जाते जाते रहे।

जिला अस्पताल के आये तमाम मरिजों को अस्पताल में पानी को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस दौरान मरिजों ने पानी में आते जाते नजर आये।

जिला अस्पताल में इस प्रकार के समस्या को लेकर मरीजों में ओपीडी में डूबा पानी चर्चा का विषय बना रहा है। ज्ञात हो कि आस पास नालों को पाट दिया गया है जिससे जलजमाव की समस्या बनी हुई है। इस अस्पताल का निर्माण भी अदूरदर्शिता से नीचा कराया गया जिसकी वजह से पानी घुस जाता है। नगर पालिका और स्वास्थ्य प्रशासन को इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने की आवश्यता है।

## पत्रकार दिनेश उपाध्याय का निधन, जिले में शोक की लहर

मीरजापुर। जिले की पत्रकारिता जगत के स्तम्भ रहे पत्रकार दिनेश उपाध्याय 58 वर्ष के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है। दिनेश उपाध्याय करीब तीन दशक से पत्रकारिता से जुड़े रहे। पत्रकार दिनेश उपाध्याय के निधन पर जनपद के वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार उपाध्याय, सलिल पांडेय, दीपक त्रिपाठी, मंगलापति द्विवेदी, संतोष देव गिरि, रोहित गुरु त्रिपाठी, अभिनेश प्रताप सिंह, राजन राज शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अंकित मिश्रा, गुफरान ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुये परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की हैं।

## स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

रेणुकूट, सोनभद्र। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नॉलाजी पार्क म्योरपुर के सभागार में किशोरियों के लिए एक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक के नेतृत्व में एवं कलस्टर एच.आर हेडश्री जसबीर सिंह के मार्गदर्शन एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य किशोरबालिकाओं को उनके स्वास्थ के प्रति जागरुक करना था जिसमे 81 किशोरियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलावों के बारे में वैज्ञानिक और सटीक जानकारी देकर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के महिला चिकित्सक डॉ0 निधि सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय स्कूल की छात्राओं को सन्तुलित आहार व व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष रुप से मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और तनाव प्रबन्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में सही जानकारी का होना एक स्वास्थ और आत्मविश्स से भरे भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम के दौरान एक संवादात्मक सत्र भी रखा गया जिसमें छात्राओं ने विशेषज्ञों से अपनी स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था सम्बन्धी जिज्ञासाओं के उत्तर प्राप्त किए। छात्राओं ने इस कार्यक्रम में गहरी रुची दिखाई और इसे अपने लिए फायदेमंद बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## आश्वासन पर ही चल रही भाजपा सरकारः सुनीता




सोनभद्र। उत्तर प्रदेश मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन संगठन द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट पर अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा

संगठन जिलाध्यक्ष सुनीता ने बताया कि मध्यान्ह भोजन योजना के तहत प्रदेश भर में रसोइयां की भूमिका निभा रही रसोइयां कर्मियों की बेहतरी, उनके जीवन जीने लायक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और उनकी सेवाओं की निरंतरता के सम्बन्ध में कोई चिंता नहीं है। उच्च न्यायालय के आदेश, 45 व 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिस के अनुरुप कर्मचारी के रूप में मान्यता देने, न्यूनतम वेतन, ईएसआई, ईपीएफ, ग्रेज्यूटी देने की दशक भर से उठ रही मांगों को अनसुना कर दिया गया। प्रदेश में पिछले वर्षों से विद्यालयों की बंदी और कंपोजिट विद्यालय बनाने की कार्यवाही चल रही है। शिक्षकों, शिक्षा मित्रों को समायोजित करने की व्यवस्था तो है, किंतु रसोइयां कर्मियों के नियोजन की निरंतरता के सम्बन्ध कोई स्पष्टता नहीं है। मानदेय के रूप में मिलने वाले 2000 रुपए के भुगतान में भी कई-कई महीने लग जाते हैं। वर्तमान समय में भी 5 माह का भुगतान बकाया है। जबकि बच्चों के शैक्षणिक सत्र की शुरूआत, कृषि कार्य और त्योहारों का समय है। रक्षा बंधन जैसा त्योहार भी आ गया है। अध्यक्ष ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जब से बीजेपी सरकार बनी है तब से केवल आश्वासन पर ही चलाई जा रही है। इस मौके पर सचिव सोनी, फुलमती, शान्ति देवी, फुलझरी, चन्द्रावती, सोनी देवी, ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन एक्टु के सचिव नाजमा खातून, ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा छात्र नेता अमीना खातून ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन आदि मौजूद रहे।

# चलो बुलावा आया है पर झूमे भक्त



मीरजापुर। श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि नागपंचमी पर देवी दरबार में पूरी रात भक्ति के बयार बहती रही। श्री नाग पंचमी वार्षिकोत्सव पूजन समिति के वार्षिक आयोजन के तहत मंदिर में भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया।

समिति के द्वारा मां के चारों पहर के भाव श्रृंगार पूजन सहित विशाल भंडारे भंडारे का आयोजन भी किया गया। तरह-तरह के पुष्पों रंग बिरंगी लाइटें से की गई सजावट एक अलौकिक छटा बिखेर रही थी। माता के प्रांगण में आयोजित भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र एवं समिति के संस्थापक पंडित ईश्वर दंत त्रिपाठी महाराज ने संयुक्त रूप से मां के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भव्य देवी जागरण कार्यक्रम प्रथम प्रस्तुति गायक सुशील कुमार मौर्य पागल ने गणेश वंदना पधारो हे गणपति, एवं बम बम लहरी शिव शिव लहरी सहित कई अन्य भजन प्रस्तुत किया भजन गायिका कागज लाडली मुगलसराय ने निमिया के डार मैया झुलेली झुलनवा, बाड़ी शेर पर सवार रूपवा मनवा मोहत बा, स्थानीय भजन गायक सुमित कुमार द्विवेदी ने शेर पर सवार होके आ जा शेरावाली अन्य भजन प्रस्तुत की लाल रंग की चुनरिया सोहे मैया ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है लोक गायक रत्नेश दूबे प्रयागराज ने भावपूर्ण रचना प्रस्तुत करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य रूप से राम आएंगे घर सजाएंगे, आदि सहित भजनों पर मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में बैठे श्रोतागढ़ रात भर भक्ति के रसधार में डूबे रहे समिति की ओर से सभी कलाकारों एवं मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया संचालन भजन गायक सुनील पागल ने किया। समिति के संस्थापक पंडित ईश्वर दंत त्रिपाठी ने बताया कि विगत 26 वर्षों से संस्था की ओर से प्रत्येक नाग पंचमी तिथि पर मां की चारों पहर की आरती, प्रसाद वितरण एवं भव्य देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा वर्षा ऋतु संगीत समारोह मास का शुभारंभ नाग पंचमी तिथि से होते हैं जो समिति की ओर से इसका शुभारंभ किया गया। इस दौरान मां विंध्यवासिनी देवी माता के श्रृगारिया पंडित रघुवर दयाल उपाध्याय, आशीष उपाध्याय, अभिनेश द्विवेदी, चंदन द्विवेदी रोहित त्रिपाठी मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## विरोध में शिया समुदाय ने दिया ज्ञापन




जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को शिया समुदाय के धर्मगुरु महफूजुल हसन के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एक भारतीय न्यूज चैनल द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई पर लगाए गए कथित आपत्तिजनक आरोपों के विरोध में था। शिया समुदाय का कहना है कि मीडिया की जिम्मेदारी समाज में हो रही घटनाओं को देश के सामने रखना है। लेकिन उक्त न्यूज चैनल ने उनके सुप्रीम लीडर पर बिना किसी आधार के आरोप लगाकर सनसनी फैलाने का प्रयास किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 19(1)(2) के तहत प्रदान की गई है। परंतु यह अधिकार उचित प्रतिबंधों के अधीन है। मानहानि जैसे कृत्यों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना जाता है। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कार्य पत्रकारिता की नैतिकता के विरुद्ध है। साथ ही यह भारत और ईरान के सदियों पुराने ऐतिहासिक, धार्मिक और कूटनीतिक संबंधों को भी नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने बताया कि आयतुल्लाह अली खामनेई न केवल ईरान के सर्वोच्च नेता हैं, बल्कि वह एक तकलीद हैं। वे लाखों मुसलमानों के लिए धार्मिक मार्गदर्शक हैं। उनका जीवन सादगी, इबादत और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष का प्रतीक रहा है। शया समुदाय ने इस तरह के आरोपों को इस्लामिक तौहीन बताया है। उनका कहना है कि इससे सभी मुसलमानों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से इस झूठी खबर के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। हसीन शाहिद, हसन जाहिद खान बाबू, शोएब जैदी, नसीम जैदी, पत्रकार आबिश इमाम सनी, सैयद जाकिर, अनम हसन, एडवोकेट इमरान जैदी, एडवोकेट यासिर इमाम, आदिल जैदी काविश, शारिक खान, शर्की हसन, शोएब, कायम, विक्की सैयद मोहम्मद रजा, शाकिर जैदी, अली प्रिंस, एबाद आदि लोग मौजूद रहें।

## हमला कर युवक की धारदार हथियार से हत्या

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के पसेवा गांव में बुधवार को अपरान्ह दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के अनुसार, सूरज चौहान पुत्र जयदेव चैहान प्राथमिक विद्यालय के समीप खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और उसे मारना-पीटना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे हमलावर वहां से भाग गए। सूरज के बड़े भाई शमशेर चौहान जब उन लोगों से पूछताछ करने गए, तो पहले से ही तैयार हमलावरों ने चाकू, पिस्टल हमला कर दिया। शमशेर से मारपीट होता देख लोग मदद के लिए दौड़े, जिससे हमलावर फरार हो गए। घायल अवस्था में शमशेर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक शमशेर के छोटे भाई सूरज चौहान ने बताया कि हमलावर पिस्टल और धारदार हथियारों से लैस थे और उन्होंने एक राउंड फायरिंग भी की। उसने यह भी बताया कि बीस दिन पहले उन लोगों से कहासुनी हुई थी और उसी विवाद के कारण यह मारपीट हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। अभी तक हमलावरों की गिरफ्तारी की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## फांसी पर झूलता मिला युवक

आजमगढ़। जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के बांसगांव में मंगलवार रात एक दुखद घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव से जूझ रहे 22 वर्षीय राहुल अग्रहरि ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक राहुल अग्रहरि, विजय अग्रहरि का पुत्र, तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह पान की गुमटी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार, राहुल मंगलवार रात भोजन करने के बाद पड़ोसी अवनीश मिश्रा के घर सोने गया था। सुबह करीब 7 बजे जब उसके पिता ने फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो वे चिंतित हो गए। सुबह 8 बजे विजय चारदीवारी फांदकर घर में घुसे और खिड़की से देखा कि राहुल पंखे से चादर के सहारे लटका हुआ है। सूचना पर डायल-112 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, राहुल कुछ दिनों से पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव से जूझ रहा था, लेकिन किसी को उसके इस कदम की आशंका नहीं थी। राहुल की मां प्रमिला का रो-रोकर बुरा हाल है, और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक समस्याओं के प्रति जागरूकता की जरूरत को उजागर किया है।

## 30 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण

जौनपुर। लायन्स क्लब द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत बुधवार को साहू धर्मशाला परिसर में गोद लिए गयें 30 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। इन मरीजों को आवश्यक पोषक तत्वों, प्रोटीन पाउडर, चना, गुड़, सत्तु, मूंगफली दाना, दाल, लाई, और स्वच्छता हेतु नहाने व कपड़ा धोने का साबुन आदि को सम्मिलित करते हुए पौष्टिक आहार की पोटली वितरित की गयी। संस्थाध्यक्ष राजेश राज गुप्ता ने कहा कि मंडल द्वारा निर्देशित हंगर कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की कड़ी में टीबी रोगियों को सुपोषित करने के लिए पोषणयुक्त सामग्री दी जा रही है। मुख्य अतिथि दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने कहा कि टीबी से ग्रसित होने पर मरीजों की सेहत बिगड़ जाती है। लेकिन टीबी एक इलाज योग्य बीमारी है। नियमित दवा सेवन और पौष्टिक आहार से टीबी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि माया टंडन निवर्तमान अध्यक्ष ने बताया कि रोज सुबह हल्का हल्का व्यायाम करें, खाने में फाइबर वाली चीजें जैसे हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, सोयाबीन ज्यादा से ज्यादा लें। खाने के तुरन्त बाद लेटें नहीं बल्कि थोड़ा टहलें। ध्यान रहे कि किसी भी स्थिति में टीबी की दवा बंद नहीं करनी है। सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, योगेश साहू, कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह, सोमेश्वर केसरवानी, मनोज चतुर्वेदी, सुशील अग्रहरी, राजन बैंकर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## 42 बच्चों का बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

जौनपुर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला समन्वयक शशिधर उपाध्याय और खण्ड शिक्षा अधिकारी शिखा मिश्रा की देख रेख में बीआरसी बक्शा में किया गया। जिसमें जिले आर्थोपेडिक डॉ0 अजय सिंह नेत्र परीक्षण के लिए शेष कुमार मिश्रा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ निधि श्रीवास्तव, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट रामप्रकाश ऑडियोलॉजिस्ट सुरेन्द्र कुमार फिजियोथैरेपिस्ट डॉ पी डी तिवारी, ने 50 बच्चों का परीक्षण किए जिसमे 42 बच्चे यू डी आई डी कार्ड से लाभान्वित किए गए शेष बच्चे जिला अस्पताल रेफर किए गए। मौके पर विशेष शिक्षक प्रमोद कुमार माली, अरुणा सिंह, अभिलाषा श्रीवास्तव, आनन्द तिवारी, सचिन यादव, बी आर सी स्टॉप अकाउंटेंट जितेंद्र मौर्या, राजीव श्रीवास्तव, आनन्द सिंह संजय विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा, दिव्यांग बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## चोरों ने एक ही रात में तीन घरों के चटकाये ताले

लालगंज, मीरजापुर। लहंगपुर बाजार में मंगलवार की रात चोरों ने पुलिस की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़कर बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। बशीर के मकान से मोबाइल और नगदी, इशहाक के दुकान में रखा नगदी सहित आभूषण व्यवसायी रोहित यादव का ताला तोड़ दिया। जिसमें हजारों रुपए नगदी समेत चांदी के जेवरात उठा ले गए। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर में चोरों ने एक रात में तीन घरों के ताले तोड़ दिए और कहीं नगदी तो कहीं से मोबाइल उठा ले गए। शिवशंकर तिवारी के दुकान के पास लगा सीसीटीवी कैमरे का तार तोड़ दिए। दिलचस्प बात यह कि लहंगपुर में जिस जगह पीआरवी (हंड्रेड डायल पुलिस) के लोग दिन रात रहते हैं वहा पर किराए के कमरे में इशहाक का किराना दुकान है, उसका ताला तोड़ कर गल्ले से हजारों रुपए नगदी लेकर चले गए। मीरजापुर के कटरा कोतवाली के बथुआ निवासी रोहित यादव ने लहंगपुर में स्थित अपनी आभूषण दुकान का शटर चाड़ कर चोरी किए जाने का लहंगपुर चौकी पर तहरीर दिया है। सूचना पर बुधवार को पहुंचे थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह व पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार राय पुलिस बल के साथ अब आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही हैं। पुलिस के मुताबिक लहंगपुर मे बीती रात चोरों ने पुलिस की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए एक ही रात में चार घरों के ताले तोड़कर बड़ी घटना का अंजाम देने का प्रयास किया है। चौकी प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि चोरी में मामुली नकदी व जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए। मामले की छानबीन की जा रही है।

## छत्रपति शाहू जी महाराजा कॉलेजी में किया पौधरोपण

राबर्ट्सगंज। पेड़ हैं तो प्राण हैं अभियान के संयोजक संदीप मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए समाज को एक नई प्रेरणा और संकल्प का संदेश दिया है। उन्होंने इस वर्ष अपने राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र 401 की सभी नौजवानों से अपील की है कि वे अपने घर पर पांच पौधा रोपित करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को सुखद वातावरण मिल सके आज पेड़ हैं तो प्राण हैं अभियान के तहत छत्रपति शाहू जी महाराजा कॉलेज कम्हरिया नगवा ब्लाक में कॉलेज के प्रबन्धक रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल के साथ व बच्चों के साथ पेड़ लगाया गया व पेड़ को बचाने की सब ने सपथ ली। साथ ही साथ शोक संतप्त परिवारों में जाकर शोक संवेदना प्रकट किया खलियारी में स्वर्गीय रामशकल पाण्डेय के प्रति व तेनुआ में प्रधान के पिता स्वर्गीय लालबर्ती यादव व रमेश यादव के प्रति संवेदना के साथ उनके स्मृति में पेड़ लगाया गया।



## मृतक आश्रितों को दिया नियुक्ति पत्र

सोनभद्र। पीएम, सीएम व नगर विकास मंत्री के द्वारा लोगों को रोजगार/जीविकोपार्जन की समस्या से उबारने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई मित्रों के उत्थान तथा उन्हें जीविकोपार्जन के समुचित अवसर प्रदान करने हेतु 03 सफाई कर्मचारियों में उर्मिला, बिक्की एवं प्रदीप को मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने बताया कि समाज के सभी वर्गो को स्वरोजगार से जुड़ने का आह्वान करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रत्येक पात्र युवा को 5 लाख तक बिना गारण्टी के ऋण की सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

संक्षेप

## युवक डिवाइडर से टकराया पुल से गिरकर मौत

**बांदा।** शराब के नशे में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक केन नदी पुल के डिवाइडर से टकराकर नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी। मृत युवक की पहचान भरत पुत्र रामलखन निवासी कुर्रा कनक थाना ललौली जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को बाहर निकलवाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष पांडेय ने बताया कि युवक अधिक स्पीड में जैसे ही बाईपास से केन नदी पर पहुंचा तभी उसकी मोटरसाइकिल पुल पर बने डिवाइडर से जा टकराई और वह नीचे जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया है।

## रेलवे जेई पर प्वाइंट मैन ने लगाया मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** अपने प्वाइंट पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी से रेलवे के अवर अभियंता द्वारा की गयी मारपीट के मामले में जीआरपी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्वाइंट मैन ग्राम धौर्रा निवासी राजकुमार यादव पुत्र स्व.इमरतसिंह यादव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 26 जुलाई 2025 को वह धौर्रा रेलवे स्टेशन पर अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर था और अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी रेलवे के जेई वर्तमान में जाखलौन निवासी राजेश मीना आये और उसके साथ बिना कारण ही गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गालियां देने से जेई को मना किया तो जेई ने उसके साथ धक्का-मुक्की करते हुये जान से मारने की धमकी दी। काफी देर समझाने के बाद भी जब वह नहीं माने तो जेई ने उसे नौकरी से हटवाने की धमकी दी और गालियां देते हुये चले गये। जीआरपी पुलिस ने राजकुमार यादव की तहरीर पर जेई राजेश मीना के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा में रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख अमानीगंज प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने किया इसके पश्चात इस शिविर के माध्यम से ब्लड बैंक खंडासा के कर्मियों ने लोगों से रक्त लेकर उसे संग्रह किया।

# खाद बिक्री केंद्रों का डीएम ने जाना हाल, अफसरों को निर्देश



जिला संवाददाता

**बांदा।** तिंदवारी ब्लाक के पपरेंदा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का डीएम ने आकस्मिक जायजा लिया। समिति में केन्द्र प्रभारी और सचिव मौजूद मिले। उर्वरक गोदाम के निरीक्षण में यूरिया 265 बोरी, एनपीके 190 बोरी मिलीं।

समिति गोदाम के फर्श पर अधिक सीलन मिली इस पर जिलाधिकारी ने खाद रखने से पहले तिरपाल डालकर उर्वरक रखने के लिए केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिए। इसके बाद लामा गांव में अन्नपूर्णा खाद बीज भंडार का हाल जाना। स्टॉक न होने के बारे में केन्द्र प्रभारी ने बताया कि खाद का व्यवसाय नही किया जा रहा है। जबकि अन्नपूर्णा खाद बीज भंडार के नाम से लाइसेंस खाद का बना हुआ है।

उन्होने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि यदि उर्वरक व्यवसाय नही किया जा रहा तो उर्वरक लाइसेंस निरस्त कर दिया जाए। इसके पश्चात डीएम ने मंडी समिति बांदा में पीसीएफ कृषक सेवा केन्द्र, डीसीडीएफ उर्वरक बिक्री केन्द्र, केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार खाद बिक्री केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पीसीएफ गोदाम में फर्श पर सीलन, नमी मिलने पर नाराजगी जताते हुए फर्श पर तिरपाल बिछाने के बाद खाद की बोरियां रखने के निर्देश दिए। पीसीएफ केन्द्र प्रभारी ने बताया कि 80 बोरी खाद 23 किसानों को 30 जुलाई को वितरित हुई है। जबकि मात्र 100 बोरी यूरिया का स्टॉक केन्द्र को मिला है। उन्होने केन्द्र प्रभारी को पास मशीन से खाद वितरण के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसी भी खाद बिक्री केन्द्र पर स्टॉक शून्य न रहे और नियमित रूप से मांग के अनुसार बिक्री केन्द्रों को खाद उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार, अपर जिला सहकारी अधिकारी सूर्य प्रकाश मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान शराब बरामद

**ललितपुर।** मोटर साइकिल से शराब की तस्करी कर गांव-गांव बेची जा रही है। ऐसे प्रकरण का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया है। मंगलवार देर रात मुख्यालय के सरकारी ठेका से शराब खरीदकर गांव में बेचने जा रहे शातिर बदमाश को पुलिस ने रास्ते में ही धर दबोचा। युवक के पास से भारी मात्रा में देशी शराब के क्वाटर बरामद किये गये तो वहीं तस्करी में प्रयोग की जा रही मोटर साइकिल भी बरामद की गयी है। हालांकि पुलिस ने प्रकरण में सात वर्ष से कम सजा होने के चलते दो लोगों की जमानत पर युवक को छोड़ दिया।दैलवारा चैकी प्रभारी उ.नि. नरेन्द्र सिंह अपने हमराह कां.मनीष कुमार साहू व कां. विकास चन्द्र के साथ निजी वाहन से सिलगन रेलवे ब्रिज के पास खड़े होकर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान उन्हें प्लास्टिक की बोरी रखे मोटर साइकिल चालक आता दिखायी पड़ा। युवक ने पुलिस को देखकर बाइक से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पीछा करते हुये स्मारक गेट के नीचे बाइक सवार को दबोच लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गये युवक ने अपना नाम मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना दलपतपुर के ग्राम बरखेड़ा निवासी अखिलेश लोधी पुत्र बादाम सिंह बताया। प्लेटिना बाइक संख्या यू.पी. 94 एस 9058 के आगे टंकी पर रखी बोरी की तलाशी लेने पर 50 क्वाटर देशी रसभरी ब्राण्ड की कुल मात्रा 10 लीटर अवैध तरीके परिचालन करते हुये बरामद की गयी।

# ओवर स्पीड पर लगायें अंकुश



**बांदा।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने परिवहन और पुलिस विभाग से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व कमी लाने के लिए लोगों को जागरूक करने तथा अधिक स्पीड से होने वाली घटनाओं को रोकने के निर्देश दिए। उन्होने एनएच-35 में साइनेज लगवाए जाने और सड़क की मरम्मत एक सप्ताह में

- दुर्घटना रोकने को डीएम ने दिए कई निर्देश

कराने के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग के लिए प्रतिदिन अभियान चलाने तथा ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए शमन शुक्ल लगाने के निर्देश दिए। उन्होने सभी स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने और कक्षा 12वीं तक के छात्रों को मोटरसाइकिल, स्कूटी न चलाने के बारे में रोड शेफ्टी क्लब के माध्यम से बच्चों को जागरूक करने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए। ई-रिक्शा में नंबरिंग कराते हुए शहरी मार्गों में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए क्षेत्रवार ई-रिक्शा को यूनिट नंबर देकर वन-वे व्यवस्था कर चलाने के निर्देश दिए।

डीएम ने महाराणा प्रताप चैराहा और आयुक्त आवास में सड़क किनारे फलों एवं सब्जियों के विक्रेताओं को हटाने तथा वेंडिंग जोन में लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बाबूलाल चैराहा व महाराणा प्रताप चैक में एलईडी पर यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी स्लाइड चलाए जाने के निर्देश दिए। संकट मोचन मंदिर, अलीगंज, कालूकुआं में पुलिस चैकी बनाने के लिए निर्माण की कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश नगर पालिका व संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर लोक निर्माण विभाग से दुर्घटनाओं से बचाव के लिए लगाए गये संकेतक रंबल स्टिप, सेंट्रल लाइन बनाए जाने तथा अन्य कार्यों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में एआरटीओ, लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण खंड-1, पीटीओ, क्षेत्राधिकारी पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वैक्सीन रख-रखाव को कोल्ड चैन हैण्डलर्स का प्रशिक्षण



**बांदा।** वैक्सीन से बीमारियों के बचाव के लिए टीका सही तापक्रम पर लाभार्थी को लगे इसके लिए वैक्सीन का रख-रखाव करने वाले कार्मिक, कोल्ड चैन हैंडलर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण सीएमओ सभाकक्ष में हुआ। प्रत्येक कोल्ड चैन प्वाइंट, पीएचसी, सीएचसी से कोल्ड वेचैन हैण्डलर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सीएमओ डॉ विजेन्द्र सिंह ने कोल्ड चैन हैण्डलर्स को वैक्सीन के रख-रखाव, भंडारण और परिवहन के दौरान निमार्ता से लेकर लाभार्थी तक वैक्सीन पहुंचाने में 2 से 8 डिग्री तापमान को बनाए रखने के लिए की जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा ई-विन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर वैक्सीन की उपलब्धता की स्थिति और जिस उपकरण में वैक्सीन रखी गयी है उसके तापमान की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, ब्लाक, जिला और मंडल स्तर के साथ ही उच्च स्तर पर भी की जाती है जिससे वैक्सीन की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना नही है। कोल्ड चैन हैण्डलर्स के साथ-साथ नवनिर्मित कोल्ड चैन प्वाइंट मटौंध व पैलानी के कोल्ड चैन हैण्डलर्स को पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त गुणवत्तापरक कार्य करने के लिए निर्देर्शित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ विजयशंकर केसरवानी, डॉ वर्षा नायर, एस एम ओ डब्ल्यूएचओ, अवंतिका तिवारी डीएमसी यूनिसेफ व राधा शर्मा एआरओ ने कोल्ड चैन से संबंधित विषयों की जानकारी दी। प्रशिक्षण का मूल मंत्र था सही तापक्रम पर, सही वैक्सीन में सही लाभार्थी को सही समय पर लगाई जाए।

## प्रशासन की भूमिका जनता और शासन के बीच सेतु के रूप में करती है कार्यः अमनदीप डुली



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त आज अपने प्रथम कार्य दिवस पर प्रशासनिक सक्रियता और जनसमर्पित दृष्टिकोण का परिचय देते हुए अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान

- हर अधिकारी संवेदनशील, जबावदेह और पारदर्शी बनकर करे जनता का कार्य

जिलाधिकारी ने दूरदराज से आये नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में निर्धारित समय में जनसुनवाई करें।

उन्होंने फरियादियों को अपने पास बिठाकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी मायूस होकर न लौटे, यदि उसकी समस्या वास्तविक है तो निस्तारण होना ही चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने एक-एक कर कलैक्ट्रेट भवन के सभी कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने प्रत्येक कक्ष में साफ-सफाई, पत्रावलियों का रखरखाव और जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन कार्यालय में नियम समय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करें और विभाग में आने वाले फरियादियों को बैठाकर उन्हें सुने और यथासम्भव निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होंने सभी पटल प्रभारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर पत्रावलियों को उद्यतन रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीय अनुशासन, समयपालन एवं कार्य संस्कृति में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने कहा कि प्रशासन की भूमिका जनता और शासन के बीच सेतु के रुप में होती है, अतः हर अधिकारी को संवेदनशील, जबावदेह एवं पारदर्शी बनकर कार्य करना होगा। इस दौरान एडीएम एफआर अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक अशोक कुमार यादव, डीआईओ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री से अंडरपास की बतायी समस्या



**बिजनौर।** मेरठ-पौड़ी हाईवे पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर कई माह से लोगो द्वारा दिये जा रहे धरने को सांसद बिजनौर गंभीरता से लिया है। केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन से बिजनौर सांसद से मिलकर समस्या से आवगत कराया है।

सांसद बिजनौर चंदन सिंह चैहान के नेतृत्व में बीते दिन मेरठ-पौड़ी हाईवे स्थित हेमराज कॉलोनी के लोगों ने केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अजय टम्टा से शिष्टाचार भेंट कर धरने की पूरी स्थिति और जनहित में अंडरपास बनाने की मांग की। मंत्री ने इस गंभीर विषय को समझते हुए तुरंत उच्च अधिकारियों से वार्ता की और हमें संपूर्ण आश्वासन दिया कि अंडरपास का निर्माण जरुर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप निश्चिंत होकर घर जाइए, आपका अंडरपास जरूर बनेगा। केंद्रीय मंत्री के आश्वासन से लोगो में उम्मीद की किरण है। लोगों ने सांसद व मंत्री का आभार व्यक्त करते किया कि उन्होंने जनता की आवाज को सही मंच पर उठाया और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। मंत्री से मिलने वालों में दीपक कुमार मंडल अध्यक्ष भाजपा, प्रदीप, सुशील चैधरी, दीपक, राजेश मंडल, गोविंद विश्वास, रोहित हालदार, नेपाल मंडल, प्रकाश ढाली, नकुल हालदार, राकेश पाल, नेपाल घोष, विपद सिकंदर, दिलीप आदि मौजूद रहे।

## छोले खाने से 40 लोगों को फूड प्वाइजनिंग सीएचसी में भर्ती

**बिजनौर।** छोले खाने से चार दर्जन से अधिक लोग बीमार हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया, बीमार हुए लोगों में अधिकतर बच्चे, युवतिया शामिल है। सभी बीमारों को आनन फानन में समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया, जहा से कुछ की हालत को गंभीर देखते हुए बिजनौर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनकपुर कला में मंगलवार की शाम ठेले पर छोले, गोल गप्पे बिकने आए थे। भारी संख्या में ग्रामीण, बच्चे और महिलाएं, छोले व गोलगप्पे खाने पहुंचे। चाट खाने के कुछ ही देर बाद कई लोगों को उल्टी, लूजमोशन, पेट दर्द एंव चक्कर आने की शिकायत होने लगी। देखते देखते लगभग 40 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। फूड प्वाइजनिंग की घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिवार की ओर से बीमार लोगों को समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने कुछ लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें एम्बुलेंस से बिजनौर रेफर किया। लोगो ने आशंका जताई कि गांव में बिकने आए छोले के अंदर इस्तेमाल किया गया मसाला दूषित हो सकता है या वो छोले रखे हुए थे, जिस कारण लोग बीमार हुए थे। बीमार हुए में मुलफैज, इल्मा, सनूबी, अरहमा, अली, रेशमा, आलिया, अलीना, समरीन, अफीफा, नगमा, यासमीन, नरगिस सहित करीब 40 लोग शामिल हैं। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी भी मौके पर पहुचे और बीमार लोगो के परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गौसेवा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान का है माध्यमः राजेश सिंह सेंगर



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने जनपद में आकर कलैक्ट्रेट सभागार में गौसंरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ गौवंश संरक्षण, संवर्धन की समीक्षा बैठक की। बैठक में गौसंरक्षण एवं संवर्धन, गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाने, जैविक खेती के प्रोत्साहन, को भी बल मिलेगा। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि निराश्रित गौवंश को सड़क पर विचरण न केवल वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनता है, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक एवं प्रशासनिक चुनौती भी है, इसके समाधान हेतु गौवंश को आश्रय स्थलों में रखे जाने, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजेश सिंह सेंगर ने समाज में राष्ट्रवादी मूल्यों

- उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य ने गौशाला का भ्रमण कर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

निराश्रित गौवंश की समस्याएं तथा समाज में व्याप्त नकारात्मक प्रवृतियों पर गहन विमर्श करते किया गया। श्री सेंगर ने कहा कि गौशालाएं केवल गोपालन का केन्द्र न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि आधारित रोजगार का माध्यम बनें, इसके लिए उन्हें स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाना अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को सुझाव दिया कि गौशालाओं से निकले वाले गोबर, गौमूत्र, गोबर के गमले, पेंट, मूर्ति एवं अन्य उत्पादों का सदुपयोग कर जैविक खाद, कीटनाशक, फिनायल एवं प्राकृतिक कृषि उत्पाद तैयार किये जा सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय रोजगार के क्षरण और नकारात्मकता की बड़ती प्रवृत्तियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को संवेदनशीलता, सेवाभाव एवं नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की ओर अग्रसर होना समय की मांग है। उन्होंने एक प्रेरणादायी कहानी के माध्यम से समाज में नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मकता फैलाने पर जोर दिया। सदस्य ने जोर देकर कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान का माध्यम है।उन्होंने बड़ी गौशालाओं में लिफ्टर मशीन खरीदने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये, ताकि घायल पड़े एवं गिरे हुए गौवंशों को उठाकर उनका इलाज किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों की मांग पर गौशाला के केयरटेकर का मानदेय बढ़ाने पर विचार करने का आश्वासन दिया।जनपद की गौशालाओं में वृक्षारोपण और गोचर भूमि पर 117 एकड़ चारे की बुआई पर प्रसन्नता जाहिर की, उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि वषार्काल में पशुओं में अनेकों बीमारियां फैलती हैं, इसको प्रभावी रोकथाम के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए और यदि गौवंश की मृत्यु हो जाती है तो उसे विधिवत समाधि दी जाए। उन्होंने सुरक्षित चारागाह कारीपहाड़ी की भूमि पर वृक्षारोपण किया और गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशों के रख-रखाव व उनके प्रबंधन की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने गौमाता का पूजन कर उन्हें प्रसाद खिलाया और अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौवंश की देखरेख में कोई कमी न रहे। गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चारा, पानी उपलब्ध रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भगवान सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सभी खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महरौनी साक्षी साहू सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर दीं गयीं जानकारियां

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी/ नोडल अधिकारी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग निरीक्षक हरिशंकर, म.हे.का.सीता देवी, म.का. कल्पना द्वारा ब्लॉक जखौरा के ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान मजदूर को अपने बचाव के लिये सारी जानकारी दी गयी, जिससे महिलाओं को मजदूरी करने व 18 साल से कम उम्र के बच्चों से काम न कराने के बारे मे व बाल विवाह से सम्बन्धित के वारे मे समझाया गया। एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं जन साहस टीम उपस्थित रही सबसे पहले मानव तस्करी निषेध इकाई जन साहस से जिला समन्वयक राजेश ने मानव तस्करी निषेध दिवस को लेकर मजदूरों व महिलाओं को फूलमाला पहना कर मजदूर महिलाओं को सम्मानित किया।

जिला समन्वयक ने मानव तस्करी निषेध दिवस के बारे से विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये मजदूरों के अधिकार एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के बारे में बात की। मजदूर भाईयों एवं महिलाओं को लेबर डायरी देकर मजदूरों महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 180012011211का उपयोग करने की बात कही। मजदूर महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम पर चर्चा की गई बताया कि महिलाओं बच्चों की तस्करी हो जाती हैं। उसके साथ में लेगिंग हिंसा होती जोखिम भरे जगह पर काम पर लगा दिया जाता है। ऐसी हिंसाओं से बचने के लिए जागरूकता की जरूरत है। फील्ड ऑफिसर महेश व धीरेन्द्र ने सुरक्षित पलायन प्रशिक्षण, बंधुआ मजदूरी, जबरन मजदूरी, बाल श्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## नेमवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रारम्भ




**ललितपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तर प्रदेश एवं नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ उ.प्र. के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के उपाध्यक्ष हरगोविंद कुशवाहा, कार्यक्रम अध्यक्ष

- तुलसी ने साहित्य एवं जीवन शैली से सनातन संस्कृति को जीवन्त किया– हरगोविन्द कुशवाहा
- गोस्वामी तुलसीदास युग चेतना के प्रवर्तक कवि थे: प्राचार्य ओमप्रकाश शास्त्री

प्रो. ओम प्रकाश शास्त्री प्राचार्य नेहरू महाविद्यालय ललितपुर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया।संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उ.प्र. के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के उपाध्यक्ष हरगोविंद कुशवाहा ने में कहा कि तुलसी लोकदर्शी कवि थे। उनके द्वारा न केवल भक्तों के लिए अपितु लोक कल्याण का भी ध्यान रखा गया।

उनका हृदय लोकमंगलकारी भावना से परिपूर्ण था यही कारण है कि उनके द्वारा रचित मानस जन-जन का कंठहार बन गया। उन्होंने रामचरित मानस की पवित्र चैपाइयों के माध्यम से भारत की एकता एवं अखंडता के दर्शन की प्रासंगिकता को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कवि तुलसी ने अपने साहित्य एवं जीवन शैली से सनातन संस्कृति को जीवन्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष नेमवि के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास युग चेतना के प्रवर्तक कवि थे। उनका साहित्य भारत की एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अपनी प्रमुख कृति रामचरित मानस के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के साथ ही विभिन्न संस्कृतियों को एक साथ लाने का कार्य किया है। तुलसीदास ने अपने साहित्य के माध्यम से सामाजिक समरसता, भक्ति और नैतिकता जैसे मूल्यों को बढ़ावा दिया है, जिससे समाज, एकता की भावना मजबूत होती है। भगवान राम की भक्ति सभी के लिए सुलभ है चाहे उसकी जाति, वर्ण कुछ भी हो। उनके ग्रंथों ने भारतीय समाज में एकता सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत किया है।विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग हरी सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर ने कहा देश में ही नहीं बल्कि सारी दुनिया में राम का चरित्र एक विश्व व्यापी चरित्र है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर शशि कुमार सिंह, सह आचार्य संस्कृत विभाग हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में तुलसीदास जैसे कवि का आध्यात्मिक दृष्टिकोण जनमानस के जीवन को बदल सकता है। प्रो. आशा साहू ने कहा कि संत तुलसी ने बुन्देलखण्ड की पावन भूमि पर जन्म लेकर सम्पूर्ण विश्व को ज्ञान, भक्ति, उपासना का संदेश देकर भगवान श्रीराम के चरित्र को जन-जन तक सम्प्रेषित किया।

## ऑल इंडिया पत्रकार एसो. का अध्यक्ष बनने पर आसिफ रईस का जोरदार स्वागत



**स्योहारा, बिजनौर।** आल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन रजि0 शाखा स्योहारा में आयोजित बैठक में पत्रकार आसिफ रईस को फिर से स्योहारा का नगर अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने 03 अगस्त को उत्तराखण्ड के लक्सर में होने वाले पत्रकार महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में डा0 इश्तियाक को संगठन का तहसील धामपुर प्रभारी एंव युवा पत्रकार आसिफ रईस को फिर से स्योहारा का नगर अध्यक्ष चुना गया और साथ ही सम्मान पत्र और आई कार्ड से नवाजते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष आसिफ रईस ने आल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलशाद अली और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनवार अहमद नूर सहित सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि सभी पत्रकारों को साथ लेकर चला जाए। उन्होंने कहा कि वह पत्रकारों के हितों के लिए काम करते रहेंगे। साथ ही संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपनी भरपूर कोशिश करेंगे। इस मौके पर सभी ने लक्सर के तीन अगस्त को होने वाले पत्रकार महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील सभी पत्रकारों से की। एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवार अहमद नूर ने दोनों पत्रकारों को सम्मानित किया और मुबारकबाद दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आसिफ रईस, दानिश जैदी, डा0 इश्तियाक अहमद, मौ0 शावेज शेख, मुस्तकीम मेम्बर पूर्व सभासद नगर पालिका स्योहारा, फरहान अहमद मौजूद रहे।

संक्षेप

## वॉटरप्रूफ लिफाफे में राखी पहुंचायेगा डाक विभाग

**रायबरेली**। रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने विशेष तैयारियाँ की हैं। विभाग ने वॉटरप्रूफ और टिकाऊ लिफाफा मात्र 10 रुपये में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। बहनों की सुविधा के लिए स्पीड पोस्ट बुकिंग काउंटर का समय प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कर दिया गया है। यह सुविधा रायबरेली प्रधान डाकघर में उपलब्ध कराई गई है। डाक विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे इस विशेष लिफाफे का अधिकाधिक उपयोग करें, ताकि उनकी भावनाएं डाक माध्यम से सुरक्षित एवं निर्धारित समय पर प्रियजनों तक पहुंच सकें। डाक अधीक्षक अनुप अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि डाक विभाग प्रेम के धागों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने हेतु वॉटरप्रूफ लिफाफा उपलब्ध करा रहा है। 10 रुपये के इस लिफाफे से रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट एवं पार्सल के माध्यम से देश-विदेश में बहनों की राखी भाइयों तक आसानी से पहुंचाई जा सकेगी।

## कूरेभार के अर्पित का नवोदय में चयन

**कूरेभार, सुलतानपुर**। कूरेभार के मॉडल प्राथमिक विद्यालय प्रथम कौडियावां में अध्ययनरत छात्र अर्पित ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की दूसरी सूची में चयनित होकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अर्पित की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। ब्लॉक मुख्यालय कूरेभार के समीप संचालित यह मॉडल विद्यालय नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्षेत्र में जाना जाता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजना तिवारी ने बताया कि, शिक्षिकाएं नीलम यादव, भावना कसौधन, ललिता यादव, पूजा, पपेया और नीरज तिवारी की मेहनत और मार्गदर्शन से अर्पित को यह सफलता मिली है।अर्पित के माता-पिता दिनेश कुमार और माया देवी ने विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके बच्चे की इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षकों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का सकारात्मक वातावरण, नियमित अभ्यास और शिक्षकों की मेहनत ने अर्पित को यह मुकाम दिलाया है।

## छिनैती के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**रायबरेली**। षादी समारोह के दौरान दूल्हे के पिता से रूपयों भरा बैग छीनने वाले तीनों आरोपियों के खिलाफ जिलाधिकारी के निर्देष पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया है। लालगंज कस्बे के बेंहटा चैराहे में सम्पन्न षादी समारोह के दौरान दूल्हे के पिता से बाईक सवार तीन उचक्कों ने रूपयों भरा बैग उस समय छीन लिया था जब वह गेस्ट हाउस के बाहर रोड़ पार कर रहे थे। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी कैमरों की मदद से तीनों आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया था।इसी बीच आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आ गये। जिसके बाद पुलिस ने तीनो आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई षुरू कर दी।जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आरोपी मो0 षोएब पुत्र रफीक निवासी सरेनी, एहसान पुत्र इस्माईल व अरसद पुत्र नसीम निवासीगण चिकमंडी लालगंज के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# निफ्ट रायबरेली में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

## पहले ही दिन 108 छात्रों ने कराया पंजीकरण



रायबरेली। निफ्ट रायबरेली में ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें पहले ही दिन 108 नवागंतुक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुमित जैसवाल (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इन्फो एज), निदेशक प्रोफेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेई, संयुक्त निदेशक अमितव चैधरी, कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव एवं सेंटर कोऑर्डिनेटर फाउंडेशन प्रोग्राम प्रिया यादव की उपस्थिति रही। कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव ने छात्रों व शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भविष्य की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संयुक्त निदेशक अमिताव चैधरी ने विद्यार्थियों को मिलने वाले नए अनुभवों की झलक प्रस्तुत की और कहा कि यह यात्रा ज्ञान, रचनात्मकता और नवाचार से भरी होगी।

निदेशक प्रोफेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेई ने छात्रों का हार्दिक स्वागत किया और उनके अभिभावकों का निफ्ट रायबरेली पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने निफ्ट रायबरेली के उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि निफ्ट रायबरेली ने देश के सभी निफ्ट परिसरों में प्लेसमेंट के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास और समर्पित शिक्षण वातावरण की विशेषताओं को भी साझा किया।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संस्थान के नियमों, अनुशासन, और अकादमिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही संस्थान में सक्रिय विभिन्न क्लबों जैसे कि लिटरेरी क्लब, ईसे क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, और अन्य छात्र गतिविधियों से भी परिचित कराया गया जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर सुमित जैसवाल (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इन्फो एज) ने निफ्ट के संकाय सदस्यों के साथ एक विशेष सत्र का आयोजन किया, जिसमें डिजाइन थिंकिंग और छात्रों के पोर्टफोलियो को और अधिक प्रभावशाली बनाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों में उत्साह, जिज्ञासा और प्रेरणा का संचार करती रही, और यह कार्यक्रम आने वाले शैक्षणिक वर्षों की मजबूत नींव साबित होगा।

## राजनीति में हो वैश्य समाज की सक्रिय भागीदारी : डॉ.सुमंत गुप्ता

**रायबरेली**। वैश्य बन्धुओं की राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक हितों के लिए बाबा विश्वनाथ की धरती से अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता दो दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राजनीति का बिगुल फूंकेंगे। श्री गुप्त ने वैश्य समाज से भारी संख्या में काशी पहुंचने की अपील की वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरबी वैश्य, संरक्षक पीके गुप्ता, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अध्यक्ष सतीश महाजन आदि ने लालगंज पहुंचने पर फूल मालाओं से भावभरा अभिनंदन कर भागीदारी करने का संबल प्रदान किया।

- वैश्य एकता परिषद ने काशी पहुंचने की भरी हुंकार

देश की प्राचीन धार्मिक सांस्कृतिक राजधानी काशी (वाराणसी) ने श्रावण मास के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा 5 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यकर्ता प्रतिनिधि सम्मेलन श्री काव्य कुंज धर्मशाला में आयोजित होगा जिसमें पूरे देश से वैदिक समाज के प्रतिनिधिगण भाग लेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल होंगे।6 अगस्त को द्वितीय वर्षगांठ पर भगवान विश्वनाथ के पावन धाम काशी में सामूहिक रूप से जलाभिषेक मंत्री रविंद्र जायसवाल के नेतृत्व में किया जाएगा। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक क्षेत्र से सम्बंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। देश व वैश्विक समाज में अत्यंत परिवर्तन हो रहा है। राजनीतिक हिस्सेदारी नगण्य है। वैश्य समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी से सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा तिरस्कार किया जा रहा है। वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। देश के बैंकिंग प्रणाली में एफडीआई एवं विविधताओं व विविध नीतियों व पक्षपात हस्तक्षेप मिल रही है। देश में व्यापार समाज राष्ट्र व वैश्विक स्तर पर विकास दर अत्यंत निम्न स्तर पर है। वैश्विक व्यापार प्रणाली में भी बदलाव अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था में खुदरा व्यापार का 90 प्रतिशत योगदान है। वर्तमान में यह व्यापार न केवल वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है बल्कि संगठित व असंगठित क्षेत्र के 48 करोड़ रिटेल व्यापार रिटेलर्स को समाप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। खुदरा व्यापार में वॉलमार्ट जैसी बड़ी विदेशी कंपनियों के आने से रिटेल के व्यापार करने वाले व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# मांगों को लेकर किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**सुलतानपुर (वीओएल)**। किसानों की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदर न्यायालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में भ्रष्टाचार, हैंडपंप स्थापना में पक्षपात, अपात्रों को पट्टों का वितरण और अन्य स्थानीय समस्याओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान नेताओं ने किया, जिन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। हैंडपंपों की स्थापना में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, जबकि पात्रों को नजरअंदाज कर अपात्रों को सरकारी पट्टे दिए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने स्थानीय प्रशासन पर भ्रष्टाचार और भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान उप जिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता की। वार्ता के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं, जिन पर एसडीएम ने गंभीरता से विचार करते हुए तीन दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस शांतिपूर्ण और संगठित प्रदर्शन ने किसानों की एकजुटता और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने की ताकत को दशार्या। प्रशासन द्वारा सकारात्मक रुख अपनाने से किसानों में समाधान की उम्मीद जगी है। यह पहल जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सर्वेश पांडेय का आईआईटी मुंबई में चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कादीपुर तहसील अंतर्गत मुस्तफाबाद सरैया गांव के निवासी मनोज पांडेय एडवोकेट पत्रकार के सुपुत्र सर्वेश पांडेय का चयन आईआईटी मुंबई महाराष्ट्र में हुआ। सर्वेश पांडेय की प्रारंभिक शिक्षा और हाई स्कूल इंटरमीडिएट की शिक्षा सेंट जेवियर स्कूल कादीपुर से हुआ घर रह करके तैयारी किया और दो पेपर दिए एक जेई मेंस और दूसरा जेई एडवांस वाला दिये। दोनों पास करने के बाद उनकी काउंसलिंग मुंबई आईआईटी कॉलेज पवई में हुई। यह विद्यालय भारत का नंबर एक का विद्यालय है, जहां बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा दी जाती है और बच्चे यहां से इंजीनियर बनकर के निकलते हैं तब उन लोगों का कैंपस सिलेक्शन ही विद्यालय से हो जाता है। घर और परिवार में खुशी का माहौल है। लोग बच्चे के प्रति शुभकामना व्यक्त कर बधाई दे रहे हैं। बधाई देने वालों में कादीपुर विधायक राजेश गौतम, ब्लॉक प्रमुख दोस्तपुर प्रत्येश सिंह बंटी सिंह, पूर्व प्रमुख राजमिण बर्मा, भाजपा नेता विवेक सिंह, रमेश कुमार त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी शुक्ला, दुर्गा सिंह, राम भारत त्रिपाठी, अशोक तिवारी, सुशील त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, आदि लोगों ने बधाई देकर के सर्वेश पांडेय के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## केंद्रीय सलाहकार धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी**। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जिले के बीस दलित बहुल आबादी वाले गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम घोषित किया गया है ।इन ग्रामों को केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं से संतृप्त किया गया है। केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि ने बुधवार को स्थानीय डाक-बंगले में समीक्षा बैठक की। केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि ने बुधवार को विपरीत मौसम के बीच डाक-बंगले में जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिनी राज और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर पिछले वित्तीय वर्ष में चयनित ग्रामों का रिपोर्टकार्ड देखा। चार वित्तीय वर्ष में चयनित किए गए 19गांवो की जानकारी ली। डाक-बंगले से ही बैठक कर वे वापस चले गए। किसी भी ग्राम में जाने और विकास कार्यों के स्थलीय और भौतिक सत्यापन की जरूरत नहीं महसूस की। चयनित ग्रामों को लोक निर्माण विभाग की सडक योजना, आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, सौभाग्य योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गृह संयोजन आदि योजनाओं से संतृप्त किए जाने का दावा किया गया है। इन गांवों में विकास कार्यों के लिए यूपी सिडको को कार्यदाई संस्था नियुक्त किया गया था ।बीस ग्रामों में दो किश्तों में 9.5करोड रु खर्च किए गए हैं। चयनित गांवों में विलेज स्कोर की नवीनतम स्थिति 81से94तक है।

**बैठक में नहीं आये जिला स्तरीय अधिकारी** : केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि की बैठक में किसी भी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी नहीं आए। खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, रतन सिंह, विनय कुमार वर्मा, सी एच सी के अधीक्षक डॉ आलोक तिवारी आदि मौजूद रहे। जगदीशपुर, बाजार सुकुल, सिंहपुर, तिलोई, बहादुरपुर और जामों के बी डी ओ भी नहीं आए। सूत्रों का कहना है कि सिडको की ओर से केन्द्रीय सलाहकार धीरेन्द्र कुमार की पूरी आवभगत की गई और वे फील गुड करके वापस गये हैं।

# क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन



जिला संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत केएनआईटी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**सुलतानपुर**। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपद में 30 जुलाई को के.एन.आई.टी. प्रशासनिक भवन सभागार में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दो पालियों में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्थानीय इंजीनियरिंग कॉलेज, आई.टी.आई., एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ-साथ स्वरोजगार संस्थान के युवा लाभार्थियों को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया। समाधान समिति लखनऊ की टीम के ट्रेनर विशाल कृष्णन, रीजिनल कोर्डिनेटर रणवीर सिंह चैहान तथा सौरभ शुक्ला ने योजना से संबंधित व्यापक जानकारी देते हुए उद्यम स्थापना, व्यवसाय प्रबंधन, ऋण प्रक्रिया सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने किया। प्रथम पाली में मुख्यमंत्री युवा योजना के लाभार्थी और डिजिटल उद्यमी तथा छात्र एवं आवेदक उपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में सीएम फेलो, बैंकर्स, स्कूल प्रबंधक, आईटीआई एवं सीएससी प्रबंधक शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने लाभान्वितों को डेमो चेक भी प्रदान किए।

उपायुक्त उद्योग सुश्री नेहा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम में 250 से अधिक लाभार्थी, छात्र एवं आवेदक सक्रिय रूप से शामिल हुए।

## बुलेरो और बाइक की टक्कर में किराना व्यवसायी का बुझ गया चिराग

**सलोन, रायबरेली**। राष्ट्रीय राज मार्ग पर मंगलवार को सुबह बुलेरो और बाइक में हुए भीषण सड़क हादसे में किराना व्यवसाई के परिवार का चिराग हमेशा के लिए बुझ गया। एक मां की कोख सूनी हुई तो बहनों का इकलौता भाई हमेशा के लिए संसार छोड़ गया। नियति के क्रूर हाथों ने एक घर का चिराग सदा के लिए बुझा दिया ।किराना संघ के अध्यक्ष संतोष उर्फ डब्बू अग्रहरी किराना के थोक व्यवसाई है ।उनका बेटा चार बहनों में इकलौता भाई था। चंदन गुप्ता मंगलवार सुबह राज्यमार्ग स्थित बाईपास के समीप एक सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया था ।जिसकी देर रात एम्स में इलाज के दौरान मौत गई ।चंदन गुप्ता अपने पिता संतोष के कारोबार में हाथ बटाता था। किराना संघ अध्यक्ष संतोष अग्रहरी के बेटे चंदन गुप्ता के आकस्मिक निधन पर स्थानीय व्यापारियों ने दिनभर अपनी दुकानें बंद रखी है ।इस दौरान पूरे कस्बे में शोक छाया रहा ।कारोबारियों ने घर पहुँचकर मृतक परिजनों को शोक सम्वेदन व्यक्त करने के साथ मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।व्यापार मंडल अध्यक्ष मोनू अरोड़ा ने घटना को बेहद दर्दनाक बताया है उन्होंने कहा कि कस्बे में मंगलवार का दिन अंमगल लेकर आया है ।शोक व्यक्त करने वालो में संतोष मोदनवाल, गोपाल मोदनवाल, चन्द्र शेखर रस्तोगी, लवी गुप्ता, इसरार हैदर, इरफान सिद्दीकी, शरीफ गद्दी, प्रांशु रस्तोगी, आनंद श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, प्रखर रस्तोगी, दिनेश साहू, आर्चित कौशल, रॉकी सरदार, कैनी सरदार, गगन सिंह, अमरनाथ रस्तोगी, आशीष रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# तुलसी ने अवधी व ब्रज में की साहित्य की रचना



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली**। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गोस्वामी तुलसीदास और उनके द्वारा रचित श्री रामचरितमानस को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया। स्कूल के छात्र ह्यप्रभवह्न ने तुलसीदास की भूमिका को जीवन्त रूप में अभिनीत किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तुलसी के जीवन से संबंधित अनेक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संत कवि तुलसी रामभक्ति शाखा के सर्वोपरि एवं लोकमंगल की साधना के कवि हैं। शास्त्रीय भाषा में सृजन क्षमता होने के बावजूद भी तुलसी ने लोकभाषा (अवधी एवं ब्रज) में साहित्य रचना की। वे दार्शनिक और लौकिक स्तर के समन्वयवादी कवि थे उनके द्वारा रचित रामचरितमानस लगभग प्रत्येक घर में पढ़ा जाने वाला पवित्र ग्रंथ है। जो कि मानव जीवन के हर पहलू को छूते हुए विश्व में एकता व शांति का मार्ग प्रशस्त करता है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रामचरितमानस एक ऐसी अनुपम कृति है, जिससे मनुष्य को जीवन जीने की कला की जानकारी प्राप्त होती है। श्रीराम को जन-जन का राम बना देने वाले लोकनायक तुलसी को जन-मन का कवि भी कहा जाता है। आज तुलसी जयंती पर मैं श्री रामचरितमानस जैसे महाकाव्य के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी को शत-शत नमन करता हूँ।

## तुलसी जयंती पर संकट मोचन मंदिर में रामायण का पाठ प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली**। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं बौद्धिक संस्थान अयोध्या और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रदेश के सभी जनपदों में तुलसी जयंती के अवसर पर रामचरितमानस पाठ कराया जा रहा है, यह जानकारी देते हुए रायबरेली जनपद के समन्वयक सौरभ शुक्ला ने बताया कि रामचरितमानस के रचयिता संत तुलसीदास की जयंती पर रामचरितमानस मानस पाठ का प्रारंभ कराया गया है। समापन पर प्रसाद वितरण के साथ तुलसी जयंती पर गोष्ठी भी होगी। सौरभ शुक्ला ने कहा कि महान संत और राष्ट्रभक्ति कवि तुलसीदास सनातन धर्म के प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने भगवान राम की लीलाओं का बहुत ही सुंदर ढंग से रामचरितमानस पाठ में वर्णन किया है ।उन्होंने कहा कि रामचरितमानस पाठ से हम सभी को सच्चरित्र कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी चंदन त्रिवेदी, सुरेश मिश्रा, अंकित पांडे, गोविंद अवस्थी, कृष्ण अवस्थी, सधन बाजपेई, हसनी तिवारी, आलोक तिवारी, अनिमेष शुक्ला, जितेंद्र मोहन, अवनीश पांडे, विकास तिवारी, विकास शुक्ला, अखिलेश पांडे, आयुष पांडे, शिवम बाजपेई, कीर्ति मनोहर शुक्ला, मृदुलेश त्रिपाठी, केडी तिवारी सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



## शिकायत के बाद ऐहार गांव पहुंचे सफाई कर्मी



**लालगंज] रायबरेली**। लालगंज क्षेत्र के ऐहार गांव में काफी दिनों से साफ सफाई नहीं हो रही थी जिसको लेकर समाजसेवी चंदन त्रिवेदी ने शिकायत की थी। शिकायत के मद्देनजर बुधवार को दो सफाई कर्मी ऐहार गांव पहुंचे और शीतला मंदिर के रास्ते की साफसफाई की। चंदन त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम प्रधान की लापरवाही से ऐहार गांव मे साफ सफाई नहीं होती है। सफाई कर्मी के दर्शन दुर्लभ रहते हैं। वर्तमान में सावन माह चल रहा है। ऐहार गांव में भी कई मंदिर है जिनमें लोग जल चढ़ाने जाते हैं। रास्तों में कूड़ा करकट जमा होने से लोगों को भारी मुसीबत उठानी पड़ती है। वही नालियों की सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोग संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हैं। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व साफ सफाई और गंदगी को लेकर शिकायत की गई थी। बुधवार को सफाई कर्मियों ने गांव पहुंचकर सफाई अभियान चलाया है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर देश को गुमराह कर रहे प्रधानमंत्री : राजेश तिवारी

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के मुद्दे पर देश को गुमराह कर रहे हैं और अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर संसद में एक भी शब्द नहीं बोल सके। तिवारी ने आरोप लगाया कि संसद में प्रधानमंत्री असहज नजर आए और विपक्ष के सवालों का स्पष्ट उत्तर देने से कतराते रहे। राजेश तिवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सरकार से पूछे गए अहम सवालों का प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी जी संसद में भी सच छिपाने की कोशिश करते दिखे और बार-बार झूठ का सहारा ले रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए तिवारी ने कहा कि उन्होंने सरदार पटेल का हवाला देकर 1960 की एक घटना का जिक्र किया, जबकि सरदार पटेल का निधन 1950 में ही हो गया था। इससे साफ है कि सरकार तथ्यात्मक रूप से गलत बयान दे रही है और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। तिवारी ने कहा कि यह सब दशार्ता है कि मौजूदा सरकार जनता को बरगलाने और ध्यान भटकाने का काम कर रही है, जबकि विपक्ष जनहित के गंभीर मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है।



# सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**सुलतानपुर**। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फैकल्टी ऑफ फामेर्सी द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को यूनिक फाउंडेशन सुलतानपुर के सहयोग से टाटिया नगर चैराहा और कॉलेज कैंपस रोड पर सुबह 09:45 बजे से शुरू किया गया। इस अभियान का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) महेश प्रसाद ने किया। ट्रैफिक पुलिस सुलतानपुर के इंचार्ज रामनिरंजन यादव अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और बताया कि किस प्रकार सावधानीपूर्वक ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम की खास बात रही ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया लाइव डेमोंस्ट्रेशन। नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा गुलाब का फूल भेंट किया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों को पंपलेट देकर ट्रैफिक नियमों और दंड संबंधी जानकारियां दी गईं। इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों और प्रतिभागियों ने ट्रैफिक से जुड़े सवाल पूछे और पुलिस टीम ने उनका संतोषजनक उत्तर देकर जागरूकता को और सशक्त किया।

## अभिविन्यास संपन्न

**सुलतानपुर**। कमला नेहरू संस्थान में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता राय ने बीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि अंग्रेजी आज एक ग्लोबल भाषा के रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान स्थापित कर चुकी है। दुनिया भर का ज्ञान-विज्ञान अंग्रेजी भाषा में निहित है। ऐसे में अंग्रेजी भाषा में दक्ष होकर उसके साहित्यिक ज्ञान परम्परा और मूल्य को आत्मसात करके हम अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। इनके द्वारा विभागीय स्तर पर आयोजित होने वाली पाठ्य सहगामी क्रियाओं तथा अन्य गतिविधियों को भी विद्यार्थियों से साझा किया गया। संस्थान स्तर पर संपन्न होने वाली गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर-रेंजर्स वार्षिक क्रीड़ा समारोह वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे ललितोत्सव आदि के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम मे इन्होंने बताया कि यह सभी गतिविधियां छात्रों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर जोड़ने का कार्य करती हैं तथा सर्वांगीण विकास का एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम रचती हैं। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.रत्नेश बरनवाल व डा. राजकुमार मिश्रा आदि ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी कार्यालय का उद्घाटन

**बछरावां, रायबरेली**। कस्बे के लालगंज रोड पर फ्लाईओवर के बगल में आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष रिंकू तथा विशिष्ट अतिथि शनि गौतम रहे ।जिन्होंने आए हुए समस्त पदाधिकारियों का अपने उद्बोधन में स्वागत किया और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यालय की नींव अधिवक्ता सौरभ कुमार, विधानसभा अध्यक्ष तथा विधानसभा उपाध्यक्ष रवि नायक सेक्टर अध्यक्ष अखिलेश ने भरपूर मेहनत की और कार्यालय को स्थापित कराया ।इस मौके पर रिंकू ने कहा कि यह कार्यालय दलितों, शोषितों, वंचितों की रक्षा के लिए स्थापित किया गया है और यह कार्यालय नहीं करो या मरो का स्थान है, और हम सभी न्याय से न्याय तक हर पीड़ित का साथ देंगे इस मौके पर लल्लन सिंह पासी, राजकुमार, वीरेंद्र गौतम, मनीष कुमार, मनोज कुमार, राहुल, राजू, राजेंद्र, रोहित, अखिलेश, आदर्श, राममिलन सहित सैकड़ो की संख्या में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## सिलेंडर लीक से दो लोग झुलसे

**आगरा।** पिनाहट में एक खराद की दुकान पर सिलेंडर लीक होने से दो लोग झुलस गए। दोनों को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि सिलेंडर लीक होने पर उसकी मरम्मत की जा रही थी। अब तक की मिली जानकारी के अनुसार, पिनाहट कस्बे के सदर बाजार में खराद की दुकान है। दुकान साहिल पुत्र साबिर (उम्र 35 वर्ष) की है। उनकी दुकान पर रखा गैस सिलेंडर लीक कर रहा था। सिलेंडर को ठीक करने की कोशिश में पास के ही रहने वाले गौरव शर्मा मदद के लिए पहुंचे। मरम्मत के दौरान अचानक सिलेंडर से तेज आवाज के साथ गैस लीक हो गई, जिससे दोनों लोग झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वहीं, दोनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल सीएचसी पिनाहट भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## हाउस टैक्स में छूट पाने का आखिरी मौका

**आगरा।** अगर आप हाउस टैक्स में छूट पाना चाहते हैं तो इसके लिए कुछ ही समय बाकी रह गया है। आगरा नगर निगम अपने बकाएदारों को हाउस टैक्स में 31 जुलाई तक 10% की छूट दे रहा है। गुरुवार रात 12 बजे के बाद छूट खत्म हो जाएगी। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने हाउस टैक्वस वसूली को लेकर सभी जोनल कार्यालयों को टारगेट फिक्स कर दिए हैं। प्रत्येक जोन के कर निर्धारण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 50 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले संपत्ति मालिकों को प्राथमिकता पर नोटिस/बिल भेजें और बकाया वसूली की कार्रवाई तेज करें। शहर में ऐसे हजारों संपत्ति स्वामी हैं, जिन पर 50,000 या उससे अधिक का हाउस टैक्स बकाया है। इन सभी को निगम की ओर से व्यक्तिगत बिल भेजे जा रहे हैं। नगर निगम एक अप्रैल से 31 मार्च 2026 तक के हाउस टैक्स पर 31 जुलाई तक 10% की छूट दे रहा है। अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी के अनुसार 31 जुलाई के बाद न सिर्फ छूट समाप्त हो जाएगी, बल्कि वसूली के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## मुठभेड़ में पकड़े दो शातिर

**मथुरा।** बरसाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पुलिस ने लखन उर्फ लेखन पुत्र श्याम सिंह निवासी पीरपुर थाना शेरगढ और अनिल उर्फ अन्नू पुत्र आशाराम निवासी लाडपुर छाता को श्रीनगर करहला तिराहा के पास से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की मोटरसाईकिल, दो तमंचा, कारतूस, लूट का मोबाइल और 4050 रुपये की नगदी बरामद हुयी है।

## 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा थाना जैंत पुलिस, रिवार्डेड टीम और सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। बाईं टांग में गोली लगने से घायल आरोपित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। सीओ सदर संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह जैंत पुलिस, सर्विलांस टीम व रिवार्डेड टीम ने मुठभेड़ के दौरान 15 हजार के इनामी आरोपित गोपाल पुत्र पूरन निवासी चैमुहां गांव को गरुण गोविंद से रामताल रोड पर क्रिकेट स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया है।

# 71 किलो चांदी लूट मामले की जांच में जुटी पुलिस

## कई पुलिस टीमें लगी है खुलासे में, व्यापारियों को बंधक बनाकर फेंका हाईवे पर

**मथुरा।** आगरा-मथुरा हाइवे पर मंगलवार की रात कार और बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी भाइयों को बंधक बनाकर 71 किलो चांदी लूट ली। जिसकी कीमत करीब 75 लाख है। सूचना पर डीआईजी आगरा रेंज शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। एसएसपी ने बदमाशों की तलाश में पांच टीमें लगा दी हैं। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

मथुरा में सौंख अड्डा निवासी हरिओम सोनी के पुत्र कन्हैया और गौरव का सरार्फे का कारोबार है। उनकी एक दुकान आगरा स्थित नमक की मंडी में भी है। मंगलवार शाम करीब 6:45 बजे नमक की मंडी आगरा से अपनी दुकान बंद कर दोनों भाई कन्हैया और गौरव अपनी स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 80 सीके 5094) से मथुरा के लिए चले। आगरा-मथुरा हाईवे पर हिन्दुस्तान कॉलेज पार करते ही भीमनगर पुलिया के निकट शाम करीब 7:45 बजे अंधेरा देख एक बोलेरो ने उन्हें ओवरटेक किया और व्यापारियों की कार के आगे तिरछी लगा दी। तीन-चार बाइकों पर सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे निकाल लिये और व्यापारियों को धमकाते हुए व्यापारियों की गाड़ी से चांदी निकालकर अपनी गाड़ी में डाल ली। बदमाशों ने दोनों व्यापारी भाई कन्हैया और



गौरव को भी अपनी गाड़ी में डाल लिया। इस दौरान बदमाशों ने शब्बीर को वहीं छोड़ा और व्यापारियों की कार लॉक कर उसकी चाबी अपने कब्जे में लेकर भाग निकले। शब्बीर मौके पर ही रह गया। बदमाश शब्बीर का मोबाइल तोड़ गए। दोनों व्यापारियों को उठाकर बदमाशों की गाड़ी फरह-अछनेरा रोड पर भागी। बाइक सवार बदमाश किधर भागे, यह पता नहीं चला है। बदमाशों ने फरह-अछनेरा रोड पर पचैरी गढ़ी के निकट कार को धीमा किया और कन्हैया और गौरव को गाड़ी से फेंककर भाग निकले। बदमाशों ने दोनों व्यापारियों के मोबाइल भी तोड़ दिए, जिससे वे फोन न कर सकें।

व्यापारियों का ड्राइवर शब्बीर कार में अकेला रह गया था और उसका मोबाइल भी बदमाश तोड़ गये थे। फरह इंस्पेक्टर त्रिलोकी सिंह अछनेरा रोड पर गश्त पर थे। व्यापारियों को फेंके जाने के कुछ ही देर बाद उनकी गाड़ी वहां से गुजरी तो लुटे व्यापारियों ने हाथ का इशारा कर पुलिस की गाड़ी को रुकवाया। उन्होंने फरह इंस्पेक्टर को अपने साथ हुई घटना बताई। इंस्पेक्टर को बताया कि बदमाश अछनेरा की ओर भागे हैं। यह सुन फरह इंस्पेक्टर ने अछनेरा की ओर गाड़ी दौड़ाई और वायरलेस पर सूचित किया लेकिन बदमाश हाथ नहीं आये।

सूचना पाकर पहुंचे डीआईजी आगरा रेंज शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि फरह थाना क्षेत्र इलाके में लूट की घटना हुई है। मथुरा निवासी हरिओम सोनी चांदी का कारोबार करते हैं, वे आगरा गए थे और वहां से चांदी लेकर वापस मथुरा लौट रहे थे, उनके साथ उनके दो बेटे भी थे। ड्राइवर कार चला रहा था, फरह थाना क्षेत्र के भीम नगर पुलिया के पास नकाबपोश बदमाशों ने इनकी कार को ओवरटेक किया। बदमाश एक बोलेरो गाड़ी और एक बाइक से आए थे। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ड्राइवर को नीचे उतार दिया, फिर उनकी गाड़ी को ग्रामीण एरिया की सड़क पर ले गए। वहां पर दोनों लड़कों को नीचे उतारा और व्यापारी हरिओम सोनी का चांदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बदमाशों ने थैले से चांदी निकाल ली और थैला वहीं फेंक दिया। बुधवार सुबह से ही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच पड़ताल कर रही है, पुलिस जल्द ही खुलासा करने की बात कह रही है।

## पिता-पुत्र पर बाइक सवारों ने की फायरिंग बुजुर्ग घायल

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र के खंदौली मार्ग पर मोपेड सवार पिता-पुत्र पर बाइक सवारों ने गोली चला दी। गोली लगने से बुजुर्ग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बाइक सवार आरोपी भाग निकले। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। बलदेव के गांव कचनाऊ निवासी रघुवीर सिंह (80) पुत्र हरिप्रसाद छोटे बेटे विनोद के साथ मोपेड से बलदेव जा रहे थे। मोपेड को बेटा विनोद चला रहा था। रघुवीर पीछे बैठे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग पीछे से आए। बाइक चालक हेलमेट पहने हुए था। पीछे बैठा युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए था। बाइक सवारों ने पीछे से फायरिंग की, जिसमें रघुवीर को गोली लगी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बलदेव की ओर भागने में सफल रहे। बेटे ने पुलिस को सूचना दी। विनोद ने बताया उनका बेटी नूतन देवी के ससुरालियों से विवाद चल रहा है। उन्हीं ने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने पहले भी मारने की धमकी दी थी। घायल बुजुर्ग को मंडी चैराहा स्थित न्यूरो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि वृद्ध रघुवीर सिंह अपने बेटे के साथ अस्पताल जा रहे थे, पीड़ित का कहना है पीछे से बाइक सवार आरोपितों ने गोली मारी थी।

## एफडीए ने रंगे हाथों नकली दूध कारोबार पकड़ा



**टूंडला।** थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव नगला खरगा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमार कार्यवाही कर नकली सिंथेटिक दूध बनाने के कारोबार को रंगे हाथों पकड़ा है। बुधवार की प्रातः 5 बजे जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देश पर एफडीए विभाग की टीम ने मुखबिर की खास सूचना पर थाना पचोखरा पुलिस बल के सहयोग के साथ संयुक्त रुप से नगला खरगा टूण्डला तहसील में अजय सिंह, विजय सिंह पुत्र राजवीर सिंह के घर पर छापा मारा। मौके पर अजय सिंह व विजय सिंह अपने घर में रिफाइन्ड, डिटर्जेन्ट, वैक्स एवं कुछ अज्ञात कैमीकलों से नकली दूध बनाते पाये गये, टीम के पहुँचने अजय पडोस की छत से भागने में सफल हो गया तथा विजय सिंह मौके पर पकडा गया। टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मौके पर मौजूद तैयार दूध व नकली दूध बनाने में प्रयुक्त अज्ञात कैमिकलों के कुल 07 सैम्पल संग्रहित किये। कार्यवाही के दौरान मौके पर भीड का लाभ उठाकर विजय सिंह भी मौके से फरार होने में सफल हो गया। टीम द्वारा सेम्पल कार्यवाही के बाद मौके पर 100 लीटर नकली दूध एवं अज्ञात कैमीकलों पर जब्ती एवं विनष्टीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। नकली दूध बना रहे अभियुक्तगण अजय एवं विजय के विरुद्ध सम्बन्धित थाना पचोखरा में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। नकली दूध के कारोबार की मुखबिर से रेकी कराकर सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डे द्वारा आधी रात्रि में अपर जिलाधिकारी फिरोजाबाद से वार्ता कर छापामार कार्यवाही की रणनीति तैयार की गयी थी। छापेमार टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा राहुल शर्मा जितेन्द्र कुमार व थाना पचोखरा पुलिस बल मौजूद रहे। चन्दन पाण्डेय, सहायक आयुक्त खाद्य फिरोजाबाद ने बताया कि सिंथेटिक दूध के लिए सैंपलों की त्वरित जांच कर मिलावटखोरों को कडी से कडी सजा मिलेगी।

## 100 करोड़ का घोटाला करने वाला राधावैली से गिरफ्तार

**मथुरा।** पंजाब की फरीदपुर पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक से 100 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाले शातिर को हाइवे के राधावेली कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। पुलिस को देख शातिर नौवीं मंजिल की खिड़की पर लटक गया है। कूद कर जान देने की धमकी दे दी। पंजाब पुलिस ने अग्निशमन को बुलाया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित फ्लैट से निकल लिया है। पकड़ा गया शातिर बैंक कर्मी बताया जा रहा है। 100 करोड़ का घोटाला करने पर पंजाब पुलिस ने उस पर इनाम घोषित कर रखा है। शातिर 22 जुलाई से राधा वैली में रह रहा था। पंजाब के फनीदपुर से पुलिस की एक टीम बैंक में फ्रॉड के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने आई थी। पंजाब पुलिस के एक दरोगा और 3 सिपाही, जब आरोपी बैंक कर्मी अमित को गिरफ्तार करने राधा वैली स्थित फ्लैट पर पहुंचे तो आरोपी ने खुद को बालकनी में बंद कर लिया। आरोपी के कूदने की धमकी देने के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गये तत्काल हाईवे पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाना हाइवे प्रभारी शैलेन्द्र सिंह और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद आरोपी को सकुशल पकड़ने के लिए मशक्कत करने लगी। पंजाब और हाईवे पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने 3 घंटे तक मशक्कत करने के बाद आरोपी को पकड़ लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस आरोपी को पकड़कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि अमित एक बैंक में काम करता था। जिसने वहां सौ करोड़ का कोई फ्रेंड किया था। इसी मामले में पंजाब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि वह मथुरा में छिपा बैठा है। जिसके बाद पंजाब पुलिस की टीम मथुरा आयी थी। आरोपी अमित ने राधा वैली की निर्मला विंग के सी ब्लॉक के 9 वीं मंजिल पर स्थित 903 नंबर फ्लैट किराए पर लिया था। 22 जुलाई को अमित को यह फ्लैट उसके दोस्त ने किराए पर दिलाया था। पंजाब पुलिस से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड ऑफिसर शशांक शेखर अरोडा ने शिकायत की उनको कुछ ग्राहकों ने सूचना दी कि कृषि सीमा खाते और एफ्ही खाते से पैसे के लेनदेन को लेकर छेड़छाड़ की गई है।

# प्रेमानंद को पत्र लिखकर फलाहारी महाराज ने की भावुक अपील

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने प्रेमानंद बाबा को एक भावुक करने वाला पत्र लिखा है, उन्होंने कहा है कि देश की बेटियों के बारे में आप गलत शब्द कहने से बचें और छोटी-छोटी बच्चियों को इतना भक्ति भाव में भावविभोर मत कीजिए जिससे वह अपना सर मुड़वा कर विधवा का रूप धारण कर ले। फलाहारी महाराज ने कहा कि आप परम विद्वान हैं, हम भी मानते हैं कि राधा नाम में बहुत बड़ी शक्ति है, तभी तो हम भी राधा नाम के सहारे 3 वर्ष पहले श्रीकृष्ण जन्म भूमि मंदिर आजाद होने तक भोजन छोड़ने का संकल्प ले चुके हैं और हम भगवान की पूजा योग्य फूलों पर न चल कर इस गोलोक भूमि में ब्रज रज में नंगे पैर चलते हैं।



उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में मुस्लिमों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है, और आप भावुक युवा हिंदू बच्चियों को जादू टोना करके साधू बना रहे हो, करोड़ों युवा आपके दीवाने हो रहे हैं और ये युवा बच्चे शादी से इंकार कर रहे हैं.आपकी बजह से भारत में हिन्दुओं की जन्मदर में वहुत गिरावट हो रही है, यदि यही हाल रहा तो हिंदुस्तान में 20 वर्ष बाद मुस्लिम बहुसंख्यक और हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। फिर कश्मीर की तरह हिंदुओं को हिंदुस्तान से भी निकाल दिया जाएगा। आपके चरणों में प्रार्थना है इस देश को बचा लीजिए और युवाओं को प्रेरणा दीजिये कि शादी करें और गृहस्थी जीवन में रहकर भी आप राधा नाम संकीर्तन कर सकते हैं। आपकी स्वच्छ छवि को धूमिल करने के लिए आपके शिष्य परिकर में कुछ गुंडे घुस गए हैं, वो जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे हैं। उनको अपने आश्रम से निकाल दीजिए। प्रेमानंद बाबा से दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा है कि वो भी तपस्वी फलाहारी ब्राह्मण बृजवासी हैं और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से मस्जिद को हटाने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपके करोड़ों फॉलोअर्स है, आपको बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने हाईजैक कर लिया है, आपके लिए माया का जाल बिछा दिया है, आप परम ज्ञानी हैं, आप इस माया के चक्रव्यूह को काटकर, उद्योगपतियों की माया को गौ माता और जमुना जी के लिए संकल्पित करा दीजिये जिससे श्रीराधाकृष्ण की लाडली गौमाता भी बच जाएगी और हिन्दुओं की पूज्यनीय जमुना महारानी जी का जल भी स्वच्छ होजायेगा। गौ माता, यमुना महारानी और ब्रजवासियों के आशीर्वाद से आपकी दोनों किडनी स्वस्थ रहेंगी और आपका नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिख जायेगा।

## पुलिसकर्मी बेटे की पत्नी का कत्ल, ससुर पति पर आरोप पत्र दाखिल, कोर्ट ने तलब किया

**आगरा।** यूपी पुलिस में तैनात बेटे की पत्नी का बेरहम पिता ने कत्ल कर दिया। इस मामले में अदालत में आरोप पत्र दाखिल हुए हैं। पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिसकर्मी पति और अन्य को तलब किया गया है। आगरा में विवाहिता की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या के मामले में पुलिस ने अदालत में मृतका के ससुर के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया। वादी के आपत्ति जताने पर एडीजे-14 ने मृतका के पुलिसकर्मी पति, सास, भाभी और ननद को मुकदमे के विचारण के लिए अदालत में तलब करने के आदेश दे दिए। मथुरा निवासी धर्मवीर सिंह ने थाना किरावली में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रियंका और संगीता की शादी 9 मार्च 2015 को मलिकपुर निवासी पन्ना लाल उर्फ गौरव और उसके भाई सौरभ के साथ की थी। 6 महीने बाद ही छोटी पुत्री संगीता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसके पति सौरभ ने दूसरी शादी कर ली। कुछ दिन बाद सौरभ की भी मौत हो गई। प्रियंका ने सिलाई कड़ाई कर पति पन्ना लाल उर्फ गौरव को कोचिंग कराई। 2018 में पुलिस में नौकरी लग गई। पन्ना लाल ने शादीशुदा होने के बाद भी खुद को विभाग में अविवाहित दशार्या। बाद में पुत्री को पता चला कि पन्नालाल के एक महिला से अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर 27 जून 2023 को खाना बनाते समय ससुर रघुवीर सिंह, पति पन्नालाल उर्फ गौरव, सास राजन देवी, भाभी धर्मवती, ननद सोनिया और सुलेखा ने मिलकर प्रियंका पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपियों ने सिर धड़ से अलग कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज किया था। विवेचक ने ससुर रघुवीर सिंह के खिलाफ ही अदालत में आरोप पत्र प्रेषित किया था। वादी ने 319 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने अन्य को भी तलब करने के आदेश दे दिए।

# संस्कृति विवि में छात्रों, शिक्षकों के लिए सहकारी अवसरों पर मंथन

**मथुरा।** संस्कृति टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन फाउंडेशन और संस्कृति विश्वविद्यालय के एंटरप्रेन्योरियल क्लब के सहयोग से प्रारंभिक स्तर के उद्यमियों के सशक्तिकरण-छात्रों और शिक्षकों के लिए सहकारी अवसरों का द्वार खोलना विषय को लेकर माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से नेशनल वेबिनार आयोजित की गई। वेबिनार में विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों के 100 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों की भागीदारी ने वेबिनार को और महत्वपूर्ण बना दिया।

वेबिनार में भाग ले रहे विषय विशेषज्ञों रितेश डे, कार्यकारी निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), राजीव शर्मा, कार्यकारी निदेशक, एनसीयूआई, अनंत दुबे, उप निदेशक, एनसीयूआई ने राष्ट्रीय, राज्य, जिला और प्राथमिक स्तर पर सहकारी समितियों की संरचना, सहकारिता के सात सिद्धांत और आंदोलन का नैतिक आधार, सहकारी




उद्यमिता को बढ़ावा देने में एनसीयूआई की भूमिका, भारत के सकल घरेलू उत्पाद और ग्रामीण विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान, अमूल, वेरका, सारस्वत बैंक, भुट्टिको, चाय सुट्टा बार, कृभको, इफको, आदि के विषय में विस्तार सहित जानकारी दी। वक्ताओं ने 17वीं भारतीय सहकारी कांग्रेस, राज्य-स्तरीय सहकारी विकास पहलों (जैसे, त्रिपुरा) और सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत सरकारी योजनाओं के बारे में भी उपयोगी जानकारियां दीं। वेबिनार की शुरूआत बीबीए प्रोग्राम के छात्र और एंटरप्रेन्योरियल क्लब के उपाध्यक्ष पारस गुप्ता के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों को सहयोग देने में सहकारी समितियों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन, प्रो. (डॉ.) मनीष अग्रवाल ने मुख्य वक्ताओं और प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत करते हुए उद्यमिता शिक्षा में सामाजिक रूप से प्रभावशाली व्यावसायिक मॉडलों को एकीकृत करने के विश्वविद्यालय के उद्देश्य पर जोर दिया। वेबिनार का आयोजन संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह के निर्देशन में हुआ। वेबिनार में छात्रों और शिक्षकों के लिए साझा अवसरों जैसे सहकारी संस्थानों में इंटर्नशिप और परियोजना कार्य, सफल सहकारी समितियों के अध्ययन दौरे और उद्योग भ्रमण, ह्वद कोऑपरेटरह्व पत्रिका में योगदान और भारतीय सहकारी समीक्षा (आईसीआर) में शोध पत्र प्रस्तुत करना आदि के बारे में भी बताया गया। वेबिनार के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ। वेबिनार का समापन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के सहायक प्रोफेसर और एंटरप्रेन्योरियल क्लब के समन्वयक डॉ. शांतम बब्बर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## वृंदावन में हिंडोला महोत्सव की धूम

**मथुरा।** हरियाली तीज से आरंभ हुए झूलन महोत्सव के पावन पर वृंदावन नगरी उत्साह, अध्यात्म, प्रेम, भक्ति और शांति के रंग में रंगी नजर आ रही है। वर्ष में केवल एक बार हरियाली तीज के दिन बांके बिहारी मंदिर के विश्व प्रसिद्ध हिंडोले के दर्शन होते हैं। वहीं अन्य प्रमुख मंदिरों में भी हिंडोले सजाए जा रहे हैं। यह क्रम तीर्थ नगरी में आगामी 13 दिनों तक चलेगा। जो हरियाली तीज से शुरू होकर रक्षाबंधन पर्व तक अनवरत जारी रहता है। कहीं सेवायत आराध्य को कुंज निकुंजों में झूला रहे हैं, कहीं कांच तथा काष्ठ के सुंदर वास्तु से तैयार परंपरागत हिंडोले हैं तो कहीं महाराजोचित रजत के आदमकद हिंडोले दर्शनीय हैं। राधावल्लभ मंदिर में ठा. राधावल्लभ लाल को निकुंज भाव की लता पताओं में हिंडोला झुलाया गया तो वहीं राधा सनेह बिहारी मंदिर में स्वणार्भा युक्त हिंडोले में ठाकुर जी को विराजमान किया गया।

## वांछित हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने एक वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सोनू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिफ्तार किया है। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी का वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त एवं सक्रिय अपराधी सोनू लूट चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पैंगू रोड़ पर किठौत मोड़ के पास पुलिस टीम को मैनपुरी की ओर से मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा। भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्ति की बाइक फिसलकर गिर गई, पुलिस टीम को नजदीक आते हुए तथा खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायर किये गये, पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में उक्त व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान जनपद आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में हुई लूट की घटना में वांछित एवं जनपद मैनपुरी के वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सोनू पुत्र सतीश उर्फ बच्ची के रुप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल, 06 लूटे चोरी किये गये मोबाइल फोन, लूट के 5,500 रुपए, 01 अवैध तमंचा 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद हुए, घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अन्य विधिक कार्यवाही की गई है।

## एस.आर.के.पी.जी. कॉलेज में हुआ ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन




**फिरोजाबाद।** प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया की अध्यक्षता में बुधवार को एसआरके पी०जी० कॉलेज के सभागार कक्ष में ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ऑरिएंटेशन के माध्यम से प्राचार्य ने नए सत्र में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के शिक्षकों से परिचय कराया तथा अनुशासन एवं शैक्षिक मानकों की जानकारी दी। प्रोफेसर सीरौठिया ने छात्र-छात्राओं से कहा कि मेहनत लगन एवं अनुशासन से पढ़ाई करने वाला विद्यार्थी एक दिन अपने मुकाम को अवश्य ही प्राप्त करता है। नव प्रवेशित छात्रों से प्राचार्य ने कहा कि, वह मन लगाकर पढ़ें तथा अपने शिक्षकों का सम्मान करें। क्योंकि, एक छात्र ही आगे चलकर श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# महिला सेल शक्ति सेल का गठन

- महिलाओं को सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रशिक्षण कराया गया

**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा स्थित आगरा जोन के समस्त जनपदों, फिरोजाबाद आगरा मथुरा में महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु यूनिसेफ के सहयोग से महिला सेल शक्ति सेल का गठन कर महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा और संरक्षण हेतु जनपद आगरा में प्रशिक्षण कराया गया जिसमें समस्त जनपदों के महिला कल्याण से जुड़े अधिकारियों कर्मचारी गढ़ व पुलिस कर्मियों समस्त कर्मचारी को मास्टर ट्रेनर बनने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद नोडल अधिकारी महिला सहायता प्रकोष्ठ जनपद फिरोजाबाद



द्वारा सभी को प्रोत्साहित करते हुए किया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि पीड़ित किशोरियों व महिलाओं को एक जगह सभी सुविधा बिना विलंब उपलब्ध कराया जाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे वह बिना विलंब न्याय पा सकें साथ ही किसी भी तरह के शोषण से बच सके, इसी आशा के साथ शक्ति सेल प्रत्येक थाने स्तर पर बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें 5 से 6 अनुभवी व कर्मशील स्टाफ मौजूद रहेगा जो की महिलाओं को महिला संबंधी अधिनियम महिला हेल्पलाइन, आइ जीआरएस साइबर क्राइम घरेलू हिंसा व विभिन्न प्रकार के अपराधों से संबंधित जागरूकता विकसित की जा सके साथ ही इस बात पर जोर दिया के किसी भी प्रकार के झूठे प्रकरण को बढ़ावा ना दिया जाए एवं विवेचक द्वारा तहकीकात करके ही सही-सही धारा में एफआईआर दर्ज की जाए जिससे पीड़िता को समय रहते हैं न्याय दिलाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर महिला कल्याण विभाग से अनम अकाशा द्वारा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में मौजूद जनपद फिरोजाबाद महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, महिला थाना फिरोजाबाद प्रभारी निरीक्षक रीना चौधरी सखी वन स्टॉप सेंटर फिरोजाबाद की परामर्शदात्री व वर्तमान प्रभारी केंद्र प्रशासक शिक्षा सारस्वत, जनपद फिरोजाबाद चाइल्ड लाइन फिरोजाबाद से सामाजिक कार्यकर्ता गीता शर्मा मथुरा एवं आगरा के समस्त पुलिस अधिकारी व महिला संबंधी पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

## अटल के पैतृक गांव बटेश्वर में भव्य रेलवे स्टेशन बनाने की सांसद ने की मांग

**आगरा।** संसद भवन में मानसून सत्र के दौरान फतेहपुर सीकरी के सांसद किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने बोलते हुए कहा मुझे प्रसन्नता है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फतेहपुर सीकरी में बटेश्वर आता है और बटेश्वर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रेद्धय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का पैतृक गांव है। बटेश्वर गांव में ब्रह्मलाल जी महाराज का मंदिर भी है जो तीर्थो के भांजे कहलाते है ओर 108 मंदिरों की श्रंखला है बटेश्वर को पर्यटन की नगरी में केंद्र सरकार व राज्य सरकार विकसित भी कर रही है। लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान मेने यह मांग सरकार से की है कि जो बटेश्वर है उसमे एक होल्ट है रेलवे का लेकिन अभी तक वो होल्ट अभी रेलवे स्टेशन नही बन पाया संयोग से आज रेलमंत्री भी हमारे बीच मे उपस्थित है। रेलवे होल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा प्राप्त नहीं है। में सरकार से निवेदन करता हूं की श्रेध्य अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मस्थान बटेश्वर में रेलवे होल्ट को एक भव्य रेलवे स्टेशन बनाया जाए एवं बेटश्वर रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक सुविधा से युक्त हो जितनी भी एक्सप्रेस ट्रेने चलती है उन सभी ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। जिससे देश भर के पर्यटक बटेश्वर में आये वहाँ यमुना नदी भी है, ब्रह्मलाल जी महाराज का मंदिर भी है और अटल बिहारी वाजपेयी का गांव भी है। सरकार से मांग है कि रेलवे स्टेशन बनवा दीजिए जिससे श्रेध्य अटल बिहारी वाजपेयी जी को सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

